अषाढ़ मास, शुक्ल पक्ष 20 वर्ष, अंक 221 पृष्ठ 8 मूल्य 1.00

# अखंड भारत संदेश

प्रयागराज से प्रकाशित

www.akhandbharatsandesh.net

नगर संस्करण प्रयागराज | गुरूवार 05 अगस्त 2021 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

क्रियायोग संदेश

स्थायी सुख, शान्ति व निर्भय वातावरण के लिए "क्रियायोग अभ्यास करें" सत्य की अनुभूति में सभी प्रकार के क्लेश हमेशा के लिए दूर हो जाते हैं। अध्यात्मिक वैज्ञानिकों ने सिद्ध कर दिया है कि क्रियायोग के द्वारा हम सत्य से जुड़ जाते हैं। ज्ञान, शक्ति, शान्ति, आनन्द, नाम-यश, धन आदि के लिए मनुष्य को दर-दर भटकना पड़ता है, और प्राप्त न होने पर मनुष्य में हिंसक प्रवृत्ति प्रकट होती है। क्रियायोग में भक्ति दृढ़ होने पर ज्ञान, शक्ति, शान्ति,आनन्द, धन आदि सब कुछ स्वयं मनुष्य के पास आ जाते हैं।

क्रियायोग प्राचीनतम् एवं नित्य नवीन पूर्ण विज्ञान है। ईश्वरीय नियमों के अनुसार कलिकाल में क्रियायोग का ज्ञान विलुप्त हो गया। आरोही द्वापर युग के आते ही मृत्युंजय अमर गुरु श्री महावतार बाबा जी द्वारा क्रियायोग को पुनर्जीवित कर पुनः परिष्कृत किया गया। उन्नीसवीं शताब्दी में महावतार बाबाजी ने क्रियायोग को लाहिड़ी महाशय जी के माध्यम से मानवजाति को दिया। क्रियायोग ही सनातन धर्म में वर्णित यज्ञ है। क्रियायोग ही वेदपाठ है। क्रियायोग अभ्यास से मनुष्य को अपने वास्तविक स्वरूप "अहंब्रह्मास्मि" की अनुभूति एक ही जन्म में सम्भव है।

स्वामी श्री योगी सत्यम्

क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान प्रयागराज

10 मिनट का अभ्यास 20 वर्ष का विकास

## जम्मू-कश्मीर में 38 महीनों में मार गिराए गए 630 आतंकी

### केंद्रीय गृह राज्यमंत्री ने राज्यसभा में दी जानकारी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मई 2018 से जून 2021 के बीच जम्मू कश्मीर में कम से कम 630 आतंकवादियों को मौत के घाट उतारा गया है। यह जानकारी केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने बुधवार को राज्यसभा में दी। उन्होंने बताया कि इस दौरान 400 एनकाउंटर्स भी हुए, जिसमें 85 जवान शहीद हो गए। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस सांसद दिग्विजय सिंह के सवाल का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि जम्मू कश्मीर सीमा लगातार सीमापार से प्रयोजित आतंकवाद का शिकार रहा है। अपने लिखित जवाब में केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने बताया कि आतंकवाद को लेकर सरकार की जीरो टॉलिरेंस की पॉलिसी है।













# भारत ने लद्दाख में बनाई दुनिया की सबसे ऊंची सड़क

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत ने लद्दाख में एक नई ऊंचाई हासिल की है। बॉर्डर रोड्स ऑर्गनाइजेशन (बीआरओ) ने यहां पर दुनिया की सबसे ऊंची सड़क बनाने में कामयाबी हासिल की है।

यह सड़क पूर्वी लद्दाख के उमलिंगला पास में स्थित है, जिसकी ऊंचाई समुद्र तल से 19,300 फीट है। इसके साथ ही भारत ने बोलिविया रिकॉर्ड तोड़ दिया है। अभी तक दुनिया की सबसे ऊंची सड़क का रिकॉर्ड बोलिविया के नाम था। यहां उतुरुंसू ज्वालामुखी के पास स्थित सड़क समुद्र तल से 18, 953 फीट की ऊंचाई पर है। रक्षा मंत्रालय ने बुधवार को इसकी जानकारी दी।

यह सड़क 52 किलोमीटर लंबी है और उमलिंगला पास के जरिए पूर्वी लद्दाख के चुमार सेक्टर को जोड़ती है। यह सड़क स्थानीय लोगों के लिए काफी लाभदायक होगी। वजह, यह चिसुमुले और डेमचॉक को लेह से जोड़ने के लिए वैकल्पिक रास्ता देती है। इस सड़क के बनने के बाद लद्दाख की सामाजिक-आर्थिक स्थिति में सुधार होगा और यहां पर पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा।

**चीन बॉर्डर के है नजदीक**




रक्षा मंत्रालय के मुताबिक इस सड़क को बनाने में बीआरओ को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा। इस दौरान खराब मौसम से भी लगातार जूझना पड़ा है। ठंड के मौसम में यहां पर तापमान माइनस 40 डिग्री तक नीचे चला जाता था। साथ ही सामान्य जगहों पर भी ऑक्सीजन लेवल में 50 फीसदी की गिरावट आ जाती थी।

रक्षा मंत्रालय ने बताया कि बीआरओ ने यह उपलब्धि खराब मौसम से जूझते हुए अपनी संकल्पशक्ति के बल पर हासिल किया है। अगर ऊंचाई की बात करें तो यह सड़क नेपाल में माउंट एवरेस्ट के बेस कैंप से भी ज्यादा ऊंचाई पर है। नेपाल में माउंट एवरेस्ट का दक्षिणी बेस कैंप 17,598 फीट की ऊंचाई पर स्थित है। जबकि तिब्बत में स्थित उत्तरी बेस कैंप 16,900 फीट की ऊंचाई पर है। वहीं सियाचिन ग्लेशियर से भी यह काफी ऊंचा है, जो कि 17,700 फीट की ऊंचाई पर है। इसके अलावा लेह में स्थित खारदुंग ला पास की बात करें तो उसकी भी ऊंचाई केवल 17,582 फीट ही है।

## श्रद्धालुओं के लिए दिसंबर 2023 तक खुलेगा भव्य राम मंदिर, 2025 में पूरा होगा काम

**अयोध्या (एजेंसी)।** अयोध्या में बन रहा भव्य राम मंदिर दिसंबर 2023 तक श्रद्धालुओं के लिए खुल जाएगा। भारत समेत दुनिया भर के श्रद्धालु रामलला के दर्शन कर सकेंगे। राम मंदिर ट्रस्ट के हवाले से सूत्रों ने इसकी जानकारी दी है। इससे पहले भी राम मंदिर निर्माण का काम देख रहे श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने कहा था कि मंदिर का मुख्य परिसर 2023 के अंत तक तैयार हो जाएगा और उसके बाद इसे श्रद्धालुओं के लिए खोला जा सकेगा। राम मंदिर में भले ही श्रद्धालु दिसंबर 2023 से ही पूजा शुरू कर सकेंगे, लेकिन पूरे परिसर का निर्माण 2025 तक ही होने की उम्मीद है।




## समुद्र में उतरा भारत का पहला स्वदेशी विमानवाहक पोत विक्रांत

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत का पहला स्वदेशी एयरक्राफ्ट कैरियर विक्रांत 4 अगस्त को ट्रायल के लिए समुद्र में उतरा। इससे पहले जुलाई के आखिर में विक्रांत के बेसिन ट्रायल सफल रहे थे। ऐसे में विक्रांत को 2022 में नौसेना में शामिल किए जाने की उम्मीद जताई जा रही है। इसका नाम घ्ए विक्रांत पर रखा गया है, जिसने 1971 युद्ध में निर्णायक भूमिका निभाई थी। रक्षा मंत्रालय कार्यालय ने ट्वीट कर बताया है कि स्वदेशी विमान वाहक 'विक्रांत' के समुद्री परीक्षणों की शुरुआत हो चुकी है। ट्वीट में कहा गया है कि एयरक्राफ्ट कैरियर का स्वदेशी निर्माण 'आत्मनिर्भर भारत' और 'मेक इन इंडिया इनिशिएटिव' के लिए देश की खोज में एक जबरदस्त उदाहरण है।भारतीय नौसेना ने इस मौके को देश के लिए 'गौरवान्वित करने वाला और ऐतिहासिक' दिन बताया है। नौसेना ने कहा है कि, 'भारत उन चुनिंदा देशों में शुमार हो गया है, जिसके पास स्वदेश में डिजाइन करने, निर्माण करने और अत्याधुनिक विमानवाहक जहाज तैयार करने की विशिष्ट क्षमता है।'



## रीता बहुगुणा का घर जलाने के आरोपी जितेंद्र सिंह भी भाजपा में शामिल

**लखनऊ (एजेंसी)।** वर्ष 2009 में रीता बहुगुणा जोशी का घर जलाने के आरोपी बीकापुर (अयोध्या) से बसपा के पूर्व विधायक जितेंद्र कुमार सिंह बब्लू भी बुधवार को भाजपा के हो गए। भाजपा मुख्यालय पर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह ने जितेंद्र कुमार सिंह के साथ ही कांग्रेस व बसपा के कुछ अन्य नेताओं को भाजपा की पट्टिका पहनाई। इस कार्यक्रम में भाजपा में शामिल होने वालों में कांग्रेस के पूर्व प्रदेश महासचिव पूर्व लोकसभा प्रत्याशी पंकज मोहन सोनकर(आजमगढ़), बसपा के पूर्व कोआर्डिनेटर मनोज शर्मा (गाजियाबाद) तथा बसपा से पूर्व लोकसभा प्रत्याशी प्रवेश सिंह (रायबरेली), सेवानिवृत्त एयर कोमोडोर श्याम शंकर तिवारी तथा समाज सेविका डा. बीना लवानिया शामिल हैं।




## कौशांबी में जहरीला खाना खाने से मां-बेटे समेत तीन की मौत, दो की हालत गंभीर

**अखंड भारत संदेश**

**कौशांबी।** सराय अकिल कोतवाली क्षेत्र के चक पिन्हा गांव में बीती रात एक ही परिवार के 5 लोगों ने भोजन में जहरीला पदार्थ खा लिया है जिससे परिवार की सास बहू और पोता सहित तीन लोगों की मौके पर मौत हो गई है।

जबकि जहरीला पदार्थ खाने से गृह स्वामिनी के बड़े बेटे और छोटी बहू की हालत गंभीर है त् गंभीर हालत में दोनों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था लेकिन हालत में सुधार न होने पर चिकित्सकों ने दोनों को इलाहाबाद के अस्पताल में रेफर कर दिया है परिवार में 7 लोग मौजूद थे 2 लोगों ने भोजन नहीं किया था 5 लोगों ने भोजन किया था 5 लोगों के जहर खाने की जानकारी मिलने के बाद घटनास्थल पर थाना पुलिस के साथ-साथ क्षेत्राधिकारी अपर पुलिस अधीक्षक कौशांबी घटनास्थल पर पहुंचे और जहर खाने की घटना के बारे में लोगों से पूछताछ कर हकीकत खंगाल रहे हैं त् जानकारी के मुताबिक सराय अकिल कोतवाली क्षेत्र के चक पिन्हा गांव निवासी शिवकली उम्र लगभग 60 वर्ष के परिवार में बड़ा बेटा कंधई लाल उम्र लगभग 32 वर्ष बड़ी बहू सीमा देवी उम्र लगभग 30 वर्ष छोटी बहू सविता देवी उम्र 25 वर्ष पोता मोहित और डीएम पोती मोहिनी सहित भरा पूरा परिवार है छोटा बेटा रोजी रोटी के चक्कर में परदेश में रहता है मंगलवार की शाम घर में बनाए गए भोजन में जहर मिल गया जिसकी जानकारी परिजनों को खाने के बाद हुई भोजन करने के बाद परिवार के लोग तड़पने लगे उल्टियां शुरू हो गए और बेचैनी बढ़ गई मोहित और मोहिनी ने भोजन नहीं किया था जिससे उनकी हालत में परिवर्तन नहीं हुआ लेकिन देखते-देखते घर के भीतर शिवकली उम्र लगभग 60 वर्ष सीमा देवी उम्र 30 वर्ष और डीएम उम्र लगभग 5 वर्ष की मौके पर मौत हो गई तीन लोगों की मौत की जानकारी ग्रामीणों को सुबह हुई ग्रामीणों ने मामले की सूचना पुलिस को दी मौके पर कंधई लाल और सविता देवी की हालत खराब थी कन्हैया लाल और सविता को पुलिस ने इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया जहां उनकी हालत गंभीर होने पर इलाहाबाद रेफर कर दिया गया है अब सवाल उठता है त् कि परिजनों के भोजन में जहर कैसे पहुंचा यह बड़ी जांच का विषय है 5 लोगों को जहर खिलाने के पीछे कहीं किसी बड़ी साजिश की संभावना तो नहीं है त् या फिर यह संयोग था कि खाने में जहर मिल गया और भोजन में गंध मारने के बाद भी परिजनों ने भोजन को बाहर फेंकने के बजाय खा पीकर सो गए मृतकों के शव को पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है एक साथ तीन लोगों की मौत के बाद पूरे गांव में मातम का माहौल है।



## कानपुर और आगरा में नवंबर से चलने लगेगी मेट्रो : सीएम योगी

**गोरखपुर (एजेंसी)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि उनकी सरकार पूरे प्रदेश का समग्र विकास कर रही है।

आगरा और कानपुर मेट्रो का संचालन नवंबर में शुरू कर दिया जाएगा। चार जिलों में मेट्रो बनाने का काम चल रहा है। इसीलिए इंफ्रास्ट्रक्चर पर सबसे ज्यादा ध्यान दिया गया है। पूर्वांचल एक्सप्रेस वे, बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे और गंगा एक्सप्रेस वे भी बनाया जाए रहे हैं। इससे प्रदेश के दर्जनों जिले जुड़ेंगे और इनके किनारे औद्योगिक क्लस्टर तैयार हो रहे हैं। इससे लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे। ये बातें मुख्यमंत्री ने पूर्वी यूपी के विकास पर मंथन के लिए बुधवार को गोरखपुर में आयोजित पूर्वांचल समागम में इस मौके पर मुख्यमंत्री ने पूर्वांचल के विभिनन्‍ जिलों से आए हुनरमंद और समाज में अद्वितीय योगदान दे रहे 50 लोगों को सम्मानित कर उनका हौसला भी बढ़ाया।मुख्यमंत्री ने कहा कि आज हर तबका मान रहा है कि प्रदेश में एक भी दंगा नहीं हुआ तो हर वर्ग सुरक्षित रहा है।अगर दंगे होंगे और हिन्दू मारे जाएंगे तो क्या मुसलमान सुरक्षित रह पाएंगे।








# आर्थिक तंगी से परेशान लोगों को बारा विधायक ने दिया मदद का आश्वासन

## बारा विधायक संग नायब तहसीलदार, लेखपाल, प्रधान एवं भाजपा कार्यकर्ता रहे मौजूद

### पिछले दिनों बारिश से धराशाई हो गए थे कई मकान

अखंड भारत संदेश

**शंकरगढ़/प्रयागराज।** बारा विधायक डॉ अजय कुमार ने विकास खंड शंकरगढ़ के ग्राम सतपुरा, पटिवार आदि गांवों का दौरा कर पिछले दिनों हुई भारी बरसात से गिरे कच्चे मकानों का निरीक्षण कर नायब तहसीलदार, लेखपाल को निरीक्षण कर तत्काल प्रभावित हुए लोगों का मदद करने का निर्देश दिया।



शंकरगढ़ के ग्राम सतपुरा और पटिवार गांव निवासी प्रेम शंकर तिवारी पुत्र वंश गोपाल, हर्ष नारायण पांडेय पुत्र शुग्गू राम,शेष नारायण पांडे पुत्र राम विधाता, रजनीश पुत्र जयराम भाई लाल साहू पुत्र शिव नाथ आदि लोगों का भारी बारिश के कारण कच्चे मकान धराशाई हो गए थे। कुछ लोग पन्नी, तिरपाल के नीचे सामान रखकर अपना जीवन व्यतीत कर रहे हैं।जानकारी होने पर बुधवार को बारा विधायक के साथ नायब तहसीलदार विश्व दीपक त्रिपाठी, लेखपाल राजधर पटेल, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुर्वेदी, ग्राम प्रधान सतपुरा प्रदीप कुमार मिश्र, समाजसेवी मिथिलेश पांडेय, प्रेम शंकर तिवारी, बृजेश तिवारी, विनय मिश्रा, जितेंद्र शुक्ला, मोहन यादव, विकास चंद्र शुक्ला,तारा चन्द्र पांडेय आदि लोग पीड़ित परिवारों से मिलकर हरसम्भव मदद का आश्वासन दिया।इसके बाद बारा विधायक, पूर्व जिला महामंत्री कुलदीप पाठक के आवास पर जाकर उनके चाचा के निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित किया।साथ ही पहाड़ी कला गांव में कुआं में डूबने से दो बच्चों की हुई मौत पर भी बारा विधायक ने परिजनों से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त कर हर सम्भव मदद का आश्वासन दिया।

# जसरा के पचखरा में चोरों ने बीस हजार नगदी सहित अस्सी हजार का जेवरात किया पार

### जसरा में सप्ताह भर में पांचवीं चोरी

जसरा व आस पास के गांवों में एक सप्ताह के अन्दर चोरी की यह पांचवीं घटना है। क्षेत्र के लोगों में चोरी की घटनाओं को लेकर दहशत बना हुआ है।

अखंड भारत संदेश

**जसरा/प्रयागराज।** घूरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत पचखरा का मजरा कोलनपुरवा में एक गरीब परिवार के घर से चोरों ने लगभग एक लाख रूपये का सामान पार कर दिया। पीडि़ति ने घटना की तहरीर घूरपुर पुलिस को दी है। चौकीइंचार्ज गौहनिया मौके पर पहुंच कर कार्यवाही करने को कहा है।

पचखरा के कोलनपुरवा निवासी शिवमंगला प्रजापति किसी तरह मजदूरी करके अपने परिवार का भरण पोषण कर रहा था। मंगलवार की रात को खाना खाने के बाद सब परिवार के लोग सो रहे थे। रात में चोर पीछे के रास्ते से अन्दर घुसकर दरवाजे के बगल की दीवार खोदकर अंदर से बंद दरवाजे की कुंडी खोलकर घर में रखा दो बाक्स चोर घर से पांच सौ मीटर दूर एक खेत में उठा ले गये। वहां बक्से का ताला तोड़कर उसमें रखा 800ग्राम चांदी के जेवरात व सोने की नथिया के साथ बीस हजार नकद रूपये उठा ले गये। सुबह जब महिलाएं जगीं तो कमरे का ताला टूटा हुआ देखकर रोने लगीं। रोने की आवाज सुनकर आस पास के लोगों की भीड़ लग गई। गांव के किसी ने 112 नंबर पुलिस को फोन कर दिया। मौके पर पुलिस पहुंच कर मौका मुआयना किया। गृह स्वामी शिवमंगला प्रजापति ने घूरपुर पुलिस को तहरीर दिया है।चौकी इंचार्ज गौहनिया ज्ञानेश कुमार हमराहियों के साथ मौके पर पहुंच कर जांचकर कार्यवाही करने का भरोसा दिया है।



# सर्प डंस से नव विवाहिता की हुई मौत

### एक वर्ष पहले हुई थी शादी , बिना पोस्ट मार्टम के कर दिया अंतिम संस्कार

अखंड भारत संदेश

**करछना।** थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बरांव के मजरा बोधाकापूरा में मंगलवार रात कमरे में सो रही विवाहिता को सांप डंस लिया, परिजनों को जानकारी होने पर अस्पताल ईलाज हेतु ले गए जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया । जानकारी के मुताबिक उक्त गांव निवासी राम राज अपने बेटे सुशील कुमार पटेल की शादी एक वर्ष पहले वीरपुर गांव के भोलाराम की पुत्री गीता पटेल 22 वर्ष के साथ हुई थी, मंगलवार को वह परिजनों को खाना खिला कर और खाना खाने के बाद वह अपने कमरे में सोने चली गई, मध्य रात्रि को कमरे में पहले से छुपा रहा सांप उसके बिस्तर पर सोते समय डंस लिया ।जोर चिल्लाने पर परिजनों देखा तों सांप उसके बिस्तर पर छुप कर बैठा था, जिसे किसी तरह कमरे से बाहर निकाला और सर्प डंस पीडित विवाहिता को स्वास्थ्य केन्द्र ईलाज के लिए ले गये, जहां पर डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया । बताया गया कि महिला पांच महीने की गर्भ वती थी, नव विवाहिता की मौत की खबर से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया, जिसका बुधवार को गंगा तट घाट मनैया पर अंतिम संस्कार कर दिया गया ।मृतका का पति बेंगलूर में एक प्राइवेट कंपनी में काम करता है।



# बीईओ नरेंद्र सिंह ने शंकरगढ़ में संभाला कार्यभार

### 14 ब्लाकों को मिले नये खंड शिक्षाधिकारी

अखंड भारत संदेश

**शंकरगढ़/प्रयागराज।** जनपद के 14 विकास खंडों में नये बीईओ (खंड शिक्षाधिकारी) की तैनाती की गई है। शासन द्वारा किए गए तबादले के बाद बीएसए ने सभी खंड शिक्षाधिकारियों को जनपद में तैनाती दी है। इसमें से सात बीईओ गंगापार व अन्य शहर व यमुनापार के विकास खंडों में तैनात किए गए हैं। इसी क्रम में अभी तक जनपद के विकास खंड बहादुरपुर में तैनात रहे बीईओ नरेंद्र सिंह को शंकरगढ़ भेजा गया है। नरेंद्र सिंह ने बीआरसी शंकरगढ़ पहुंचकर कार्यभार संभाल लिया है। इस दौरान प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष बृजेश सिंह, जूनियर शिक्षक संघ के अध्यक्ष अजय कुमार सिंह, राजेश सिंह, धर्मेंद्र पांडेय, नारायण सिंह, मनमोहन सिंह, शुभांक, डा. अनिल सिंह, वीरेंद्र सिंह, नृपेंद्र सिंह, शेष प्रताप, दिनेश सिंह, अमर सिंह, विजय सिंह, राजेंद्र सिंह, अभय सिंह, महेश प्रताप, अनिल सिंह, विवेकानंद, सुशील आदि शिक्षक मौजूद रहे।



गौरतलब है कि बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा मऊ जनपद से तबादले पर आए रमेश कुमार सिंह को सहायक शिक्षाधिकारी मुख्यालय के पद पर तैनाती दी है। इसी तरह चंदौली से आए धर्मेंद्र कुमार मौर्य को बहरिया,मिर्जापुर से आए प्रभा शंकर पांडेय को धनूपुर, अमेठी से आए राकेश कुमार यादव को प्रतापपुर भेजा गया है। अमेठी से ही प्रयागराज आए कैलाश प्रसाद शुक्ला को बहादुरपुर, बांदा से ओ राजीव प्रताप सिंह को कोरांव, बांदा से ही आए शिव अवतार को नगर क्षेत्र में तैनाती दी गई है।इसी क्रम में सुल्तानपुर से आए अखिलेश वर्मा को विकास खंड जसरा, गाजीपुर से आए राजेश यादव को उरुवा, गाजियाबाद से आईं किरन यादव को मऊआइमा, बांदा से आए कैलाश सिंह को चाका, चित्रकूट से आए ओमप्रकाश मिश्र को कौड़िहार, भेजा गया है। जबकि विकास खंड बहादुरपुर में रहे नरेंद्र सिंह को शंकरगढ़ और उरुवा में तैनात बलिराम को सैदाबाद भेजा गया है।

# वैक्सीनेशन अभियानः सूबे में प्रयागराज और जनपद में शंकरगढ़ अव्वल

### पूरे प्रदेश के पचास जनपदों में प्रयागराज जनपद 79849 के साथ अव्वल

### जनपद के शंकरगढ़ में 6258 लोगों को लगी वैक्सीन

अखंड भारत संदेश

**शंकरगढ़/प्रयागराज।** तीन अगस्त को उत्तर प्रदेश में चलाए गए वैक्सीनेशन अभियान के दौरान लोगों में वैक्सीनेशन के प्रति खासी जागरूकता देखने को मिली। सुबह दस बजे से ही गांव-गांव लगे कैंपों में लोगों की भीड़ जमा हो गई। जनपद में कुछेक सेंटर ऐसे भी देखे गए, जहां अनुमान से अधिक भीड़ होने के कारण वैक्सीन का ही टोटा पड़ गया। हालांकि जनपद में निर्धारित लक्ष्य 80 हजार के सापेक्ष कुल 79849 लोगों को वैक्सीन लगाई गई। इसके अलावा जनपद के सभी 23 विकास खंडों के सापेक्ष वैक्सीनेशन में विकास खंड शंकरगढ़ अव्वल रहा। यहां पर कुल पांच हजार लोगों को वैक्सीन लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। जबकि यहां पर कुल 6258 लोगों ने वैक्सीन लगवाई।गौरतलब है कि तीन अगस्त को पूरे प्रदेश के पचास जनपदों में मेगा वैक्सीनेशन अभियान चलाया गया है। इसमें चयनित सभी जनपदों को एक टारगेट दिया गया था। प्रयागराज जनपद को भी कुल 80 हजार वैक्सीनेशन का लक्ष्य मिला था। कायकत्रियों का सहयोग लिया गया।

तीन अगस्त को आयोजित वैक्सीनेशन कैंप में कुल 79849 लोगों को वैक्सीन लगाई गई। और,



इसके सापेक्ष जनपद में 79849 लोगों को टीका लगाया गया। जनपद के सभी 23 विकास खंडों में कुल 388 वैक्सीनेशन कैंप लगाए गए थे। जिसमें स्थानीय शिक्षकों के साथ आशा और आंगनबाड़ी जनपद में सर्वाधिक वैक्सीन लगाने का तमगा विकास खंड शंकरगढ़ को मिला। यहां पर निर्धारित लक्ष्य पांच हजार के सापेक्ष कुल 6258 लोगों को वैक्सीन लगाई गई। सीएचसी शंकरगढ़ के नोडल अधिकारी डा. अनूप सिंह ने बताया कि विकास खंड शंकरगढ़ में वैक्सीनेशन अभियान को सफल बनाने के लिए कुल 30 कैंप लगाए गए थे। स्थानीय विद्यालयों में लगाए गए इन कैंपों में सुबह से ही भारी भीड़ देखने को मिली। कैंप के निर्धारित समय के बाद भी लोग वैक्सीन लगवाने के लिए कतारबद्ध रहे। यहां पर कुल 6258 लोगों ने टीका लगवाया।अधीक्षक डा. शैलेंद्र सिंह ने बताया कि यह सफलता लोगों की मेहनत का परिणाम है। टीमवर्क का इफेक्ट अभियान पर दिखा। अधीक्षक ने इसके लिए डीसीपीएम अशफाक अहमद, संजय प्रजापति, अभिषेक मिश्र, सुनील यादव, अरविंद कुशवाहा, राम सिंह, सीएचओ आशीष सिंह, अभिषेक जायसवाल, सत्यवती सिंह, सुधा सिंह, दीक्षा सिंह, वरिष्ठ चिकित्सक डॉ संजय सिंह, डा. अभिषेक सिंह, डा. राजेश सिंह, आशा और आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की सराहना की।दूसरी तरफ सूबे के पचास जनपदों में चलाए गए वैक्सीनेशन अभियान में प्रयागराज सर्वाधिक वैक्सीन लगाने वाला (अभियान के दिन) जनपद बन गया। जबकि गाजियाबाद जनपद में प्रयागराज से कम, लेकिन लगभग 79 हजार वैक्सीन लगाई गई। इसी क्रम में लखनऊ जनपद 74 हजार वैक्सीनेशन के साथ तीसरे स्थान पर रहा। जबकि सीएम के जनपद गोरखपुर में कुल 63 हजार से अधिक लोगों को टीका लगाया गया। आगरा पांचवे स्थान पर रहा।

# संस्कृति ज्ञान एवं चरित्र से होगा राष्ट्र का निर्माण : डॉ विंध्यवासिनी

अखंड भारत संदेश

**नैनी।** माधव ज्ञान केन्द्र इण्टरमीडिएट कालेज खरकौनी में शैक्षिक गोष्ठी का आयोजन किया गया । गोष्ठी में माधव ज्ञान केंद्र इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य ने कहा कि संस्कृति ज्ञान एवं चरित्र से होगा राष्ट्र का निर्माण विशिष्ट अतिथि विद्या भारती काशी प्रान्त के संगठन मंत्री डॉ 0 राम मनोहर तथा अध्यक्षता प्रभात पाण्डेय ' अधिवक्ता उच्च न्यायालय ने किया । सभी अतिथियों ने सरस्वती माँ के चित्र पर पुष्प अर्पित किया , माधव ज्ञान केंद्र इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ विन्ध्यवासिनी प्रसाद त्रिपाठी ने आये हुए अतिथियों का परिचय कराया ।

विशिष्ट अतिथि डॉ राम मनोहर ने नई शिक्षा नीति की चर्चा पर प्रकाश डालते हुए उसे मातृ भाषा में कराये जाने की सराहना की । सभी वक्ताओं का विचार था कि पहले की शिक्षा प्रणाली मूल रूप से सीखने और परिणाम देने पर केन्द्रित थी । विद्यार्थिन्यों का आंकलन प्राप्त अंको के आधार पर किया जाता था , किन्तु नई शिक्षा नीति एक नये पाठ्यक्रम और शिक्षा की संरचना के गठन की कल्पना करती है जो छात्रों को सीखने के विभिनन्न चरणों में मदद करेगी । डॉ विन्ध्यवासिनी प्रसाद त्रिपाठी ने आए हुए अतिथि एवं विद्धानों का आभार ज्ञापित करते हुए संस्कृति ज्ञान व चरित्र के संगम प्रयागराज की महत्ता को बताते हुए मातृ भाषा बोलने व मातृ भाषा में अधिक से अधिक काम करने पर बल दिया ।





# समितियों में बिजनेस करेस्पोंडेंट का एक दिन का प्रशिक्षण का हुआ आयोजन

अखंड भारत संदेश

**जसरा/ प्रयागराज।** प्रयागराज की समितियों के सचिवों को बिजनेस करेस्पोंडेंट का एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि जिला सहकारी बैंक लि0प्रयागराज के अध्यक्ष अमरनाथ सिंह मौर्य रहे।

श्री मौर्य ने कहा कि समितियों को चलाने के लिए समिति के सचिवों की अहम भूमिका रहती है। संस्था को चलाने के लिए सभी को आगे आना होगा। समिति के ब्यवसाय पर ही सचिवों का वेतन निर्भर रहता है। इसके लिए सरकार समिति की ब्यवसाय को बढ़ाने के लिए नित नये नये प्रयोग कर रही है।

जिससे सचिवों को प्रतिमाह वेतन मिलता रहे। अध्यक्ष श्री मौर्य ने समस्त सचिवों को माइक्रो एटीएम मशीन वितरित किया। कार्यक्रम को मंडल आयुक्त, सहायक आयुक्त सहकारिता ने भी संबोधित किया। प्रशिक्षण ट्रेनर महेन्द्र कुमार ने दिया। संचालन अनुभाग अधिकारी मोहम्मद बिलाल ने किया। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालक अधिकारी ए0के0 सिंह,मोहम्मद कासिफ, सत्येंद्र प्रकाश निर्मल,उप महाप्रबंधक मनोज कुमार,संदीप कुमार, दिनेश सिंह, रामजी पाल सहित सचिव गण मौजूद रहे।

### ग्रामसभा सहसों का डीपीआरओ ने किया निरीक्षण

**सहसों।** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा विकास खंडों एवं विकासखंड के अंतर्गत ग्राम सभाओं के विकास कार्य योजना के क्रियान्वयन के लिए हर जिले के संबंधित अधिकारियों द्वारा ग्राम सभाओं के विकास कार्य की समीक्षा के लिए तैनात किए गए हैं। इसी परिप्रेक्ष्य में विकासखंड बहादुरपुर के ग्राम सभा सहसों में बुधवार को प्रयागराज के डीपीआरओ आलोक कुमार सिन्हा ने ग्राम सभा में आकर विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए उन्होंने निर्माणाधीन ग्राम पंचायत भवन, सार्वजनिक शौचालय, इंटरलॉकिंग सड़क एवं ग्रामसभा से जुड़े अन्य विभिनन्कार्यों की क्रियान्वयन की निरीक्षण किया तथा ग्राम प्रधान एवं ग्राम पंचायत के संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश देते हुए कहा कि ग्राम सभा के विकास में कोई कमी नहीं आना चाहिए। इस मौके पर ग्राम प्रधान विष्णू केसरवानी, एडीओ पंचायत रमाशंकर तिवारी, जे ई शकील अहमद, ग्राम पंचायत सचिव राजकुमार सिंह तथा चंद्र प्रकाश केसरवानी मौजूद रहे।

# प्रदेश के बिगड़े हालात पर कांग्रेसियों ने फूलपुर तहसील में किया जोरदार प्रदर्शन

## राज्यपाल को सम्बोधित नौ सूत्रीय ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपा

अखंड भारत संदेश

**फूलपुर।** प्रदेश की बदहाली के साथ ही विजली के बढ़ते मूल्यो से परेशान किसानों के समर्थन मे अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ताओं ने पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष अशफाक अहमद की अगुवाई में बुधवार को फूलपुर तहसील में धरना प्रदर्शन कर राज्यपाल को सम्बोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपा। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए पार्टी के पूर्व जिला उपाध्यक्ष जिलाध्यक्ष अशफाक अहमद ने कहा की प्रदेश में पढ़ा लिखा युवक रोजगार के आभाव में बेरोजगारी का दंश तो झेल ही रहा है उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश में विधुत ब्यवस्था दुरूस्त न होने के कारण किसान अपने खेतों की सिंचाई नहीं कर पाता। वरिष्ठ कांग्रेसी नेता एडवोकेट देवराज उपाध्याय ने भाजपा सरकार को किसान विरोधी बताते हुए कहा की सूबे की सरकार अपने हर मुद्दे पर विफल रही है।सबका साथ सबका विकास की बात करने वाली भाजपा की सरकार में किसान परेशान हैं। खाद की बात हो या बढ़े विधुत दर की बात हो सरकार ने किसानों को लूटने का ही काम किया है। इस दौरान कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने प्रदेश में बढ़ती मंहगाई, महिलाओं के साथ हो रहे अत्याचार, बिगड़ती हुई कानून ब्यवस्था से संबंधित नौ सूत्रीय ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपा। कांग्रेसियों ने राज्यपाल को सम्बोधित ज्ञापन के माध्यम से किसानों के हित में विजली का मूल्य कम करने, ग्रामीण क्षेत्रों का सतत विकास करने के साथ ही अन्य मुद्दों पर प्रबल कार्रवाई करने की मांग की। इस मौके पर मो0 शमीम, सुरेन्द्र यादव,आबिद अली, गीता देवी,कमलेश कुमार पटेल, संतोष कुमार भारतीय,रवि कुमार, इमरान,सद्दाम, दानिश,अनुपम श्रीवास्तव, इरशाद अहमद, मो0 फरदीन, इस्लाम, अयूब सहित अन्य कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# दूषित भोजन करने से एक ही परिवार के 5 लोगों की हालत नाजुक, एक की मौत

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** होलागढ़ के भगौतीपुर खुटहना गांव में एक परिवार के पांच लोग जहरीला भोजन खाने से हालत खराब हो गई। हालत खराब होने से अस्पताल में दाखिल कराया गया है। जहां एक की मौत हो गई। जबकि चार अन्य अस्पताल में जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष कर रहे है। होलागढ़ के खुटहना भगौतीपुर निवासी सज्जन पटेल 40 पुत्र राम रतन पटेल पतनी गीता देवी, पुत्र रचित दो बेटियों में विनीता पटेल एवं अंकिता पटेल दूषित भोजन किए। जिसके बाद कुछ समय के बाद सभी सदस्यों की हालत खराब हो गई।हालत खराब होने के बाद



आसपास के लोगों द्वारा उपचार के लिए अस्पताल में दाखिल कराया गया। जहां उपचार के दौरान सज्जन कुमार की मौत हो गई। सज्जन कुमार की मौत के बाद शव गांव पंहुचा तो ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। घटना की खबर पाकर आनन-फानन एसपी गंगापार धवल जायसवाल, सीओ सोरांव अमिता सिंह समेत होलागढ़ की पुलिस गांव पहुंची। पुलिस शव को कब्जे में लेते हुए पंचनामा करने के बाद पीएम हाऊस के लिए भेज दिया। ऐसे में पुलिस अधिकारियों द्वारा मामले में परिवार के साथ ग्रामीणों से पूछतांछ करने में जुट गई।

### लकड़ी के चूल्हे पर बना था परिवार का भोजन

खुटहना भगौतीपुर में हुई घटना मामले में मृतक सज्जन कुमार के घर के बाहर मड़हे में लकड़ी के चूल्हे में खाना बनता है। सूत्र बतातें है कि घटना के दिन भोजन में चावल एवं सब्जी पकाया गया था। लोगों की माने तो खाना बनाने के दौरान विनीता भोजन को छोड़कर परिवार के पास गई थी। इसी बीच भोजन में किसी अज्ञात के द्वारा कुछ जहरीला पदार्थ डाला गया होगा। हालांकि पुलिस मामले की जांच के बाद ही कुछ कहा जा सकता है। मृतक सज्जन कुमार दो भाइऱ्यों में छोटा था। जिसका बड़ा भाई विजय कुमार आंख से अंधा होने के साथ ही अविवाहिता है। जबकि मृतक सज्जन की आठ बीघे की जमीन है। जिसको हथियाने के लिए तो किसी के द्वारा यह मामले को अंजाम देने का प्रयास किया गया हो।

# छोटे लोहिया की जयंती पर सपाई निकालेंगे साइकिल रैली

**अखंड भारत संदेश**

**शंकरगढ़,प्रयागराज।** समाजवादी आंदोलन और विचारधारा को धार देने वाले क्रांतिकारी, प्रखर नेता छोटे लोहिया जनेश्वर मिश्र की जयंती पांच अगस्त को मनाई जाएगी। समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने छोटे लोहिया की जयंती के मौके पर साइकिल रैली निकालने का निणऱ्य लिया है।

यह जानकारी देते हुए समाजवादी पार्टी के बारा विधानसभा के मीडिया प्रभारी शैलेंद्र सिंह ने बताया कि साइकिल रैली की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इस साइकिल रैली में पूरे विधानसभा क्षेत्र के पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता शामिल होंगे। बताया कि समाजवादी विचारधारा के प्रखर नेता छोटे लोहिया जनेश्वर मिश्र की जयंती, पांच अगस्त को पूर्वाह्न 11 बजे से नगर पंचायत शंकरगढ़ के रामभवन चौराहा से साइकिल यात्रा शुरू की जाएगी।

शंकरगढ़ के रामभवन चौराहा से साइकिल रैली निकलने के बाद सदर बाजार, लाइनपार होते हुए रानीगंज रोड पेट्रोल पंप पहुंचेगी। यहां से निकलने के बाद रानीगंज चौराहा, सेन नगर चौराहा, कपारी मोड़ चौराहा, शिवराजपुर चौराहा तक जाएगी। शिवराजपुर चौराहा से शंकरगढ़ ब्लाक होते हुए वापस रामभवन चौराहा पहुंचेगी। रामभवन चौराहे पर छोटे लोहिया की जयंती पर कार्यक्रम होगा। उन्होंने नगर पंचायत के समस्त पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से आयोजन को सफल बनाने की अपील की है।

## जल निगम की जली मोटर पेयजल संकट

**बहरिया।** विगत 1 सप्ताह पूर्व से कमला नगर बीरापुर की खस्टम शाखा जल निगम के पंप की दो दो मोटरे जल जाने के कारण तथा अभी तक नया ना बदले न जाने पर कई गांव एवं मजारों में पेयजल की भारी किल्लत हो रही है। उक्त जल निगम से बीरापुर कमला नगर टिकरी उपरौड़ा सरंगापुर माधवपुर गारापुर नरी नगदिलपुर नूरपुर लहटी सहित दर्जनों मजरों में पानी की सप्लाई होती है।इस समय सप्लाई ठप होने से बारिश के मौसम में लोगों को मजबूरन दूर दराज से हैंडपंपों एवं अन्य शास्त्रों से पानी लाना पड़ रहा है।जिससे लोगों को घोर कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।माधवपुर गांव सभा के राजकुमार प्रजापति का कहना है।कि विभागीय अधिकारी को इसकी जानकारी है।उसके बावजूद भी 1 सप्ताह बीत जाने के बाद भी कोई पहल नहीं की गई उन्होंने कहा कि इसकी वजह से बहुत ग्रामीण एवं क्षेत्रीय लोगों में रोजाना आक्रोश देखने को मिल रहा है।

# बाढ़ के पानी को निकालने के लिए काटी गई सड़क का ग्राम प्रधान ने कराई मरम्मत

## पीडब्लूयूडी के जेई समेत ग्रामीणों ने की ग्राम प्रधान के कार्यों की सराहना

**अखंड भारत संदेश**

**रत्योरा /प्रयागराज।** विकासखंड कोरांव के रत्योरा करपिया ग्राम पंचायत में रत्योरा सुभाष संपर्क मार्ग में गत दिनों हुई भारी बारिश से बाढ़ का पानी निकालने के लिए तहसील प्रशासन की अनुमति के बाद पीडब्लूयूडी की सड़क को काट दिया गया था।

पानी निकल जाने के बादबुधवार को दोपहर ग्राम प्रधान रत्योरा करपिया शशिकांत कुशवाहा ने काटी गई सड़क की मरम्मत कराई। जहां पी डब्लू डी के जेई पंकज सिंह, हल्का लेखपाल श्यामनाथ समेत कई ग्रामीण भी मौजूद रहे। ग्राम प्रधान के द्वारा कराए गए कार्य की सभी लोगों ने सराहना की है। पीडब्लूयूडी के जेई पंकज सिंह ने रत्योरा



सुभाष मार्ग के चौड़ीकरण कराये जाने की बात कही है। उन्होंने कहा कि अगली बारिस आने के पहले रत्योरा सुभाष मार्ग का सड़क चौड़ीकरण कार्य करा लिया जाएगा। साथ ही रत्योरा व नैड़ी में स्थित नालों पर ऊंचा रपटा या पुल भी बनवाया जाएगा। जिससे पानी का रुकावट न हो सके।जेई पंकज सिंह ने कहा कि लेखपाल के द्वारा रोड की पैमाइस भी कराई गई है। रिपोर्ट शासन को भेजी जा रही है शीघ्र ही सड़क चौड़ीकरण का कार्य कराया जाएगा।

# पत्रकार संघ के प्रान्तीय पदाधिकारियों ने किया वृक्षारोपण

**अखंड भारत संदेश**

**लेडियारी।** वृहद वृक्षारोपण अभियान के तहत पत्रकार एसोसिएशन प्रयागराज उ0 प्र0 संघ के प्रान्तीय पदाधिकारियों द्वारा बुधवार को जसरा ब्लाक के चिल्ला गौहानी स्थित श्री कष्ट बिनायक बालाजी धाम हनुमान मन्दिर परिसर में वृक्षारोपण किया गया। वृक्षारोपण करते हुए संघ के प्रांतीय संरक्षक कमलाकार सिंह ने कहा कि बढ़ते प्रदूषण को देखते हुए बृक्षारोपण जरूरी है।

वृक्षारोपण से ही वातावरण को शुद्ध किया जा सकता है। प्रान्तीय अध्यक्ष अशोक पाठक ने कहा कि प्रकृति का संतुलन बनाये रखने व वातावरण को शुद्ध रखने हेतु प्रत्येक ब्यक्ति को वृक्षारोपण करना जरूरी है। संघ के संस्थापक व प्रान्तीय संयोजक पी सी पाण्डेय ने कहा कि पर्यावरण इतना प्रदूषित हो चुका है कि उसे शुद्ध रखने के लिए वृहद वृक्षारोपण की



आवश्यकता है जिस पर संगठन अनवरत वृक्षा रोपण करने के लिए दृढ़ संकल्पित है। वातावरण को शुद्ध रखने के लिए शासन-प्रशासन बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण करा रहा है, फिर भी इस अभियान में सभी का सहयोग जरूरी है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए पत्रकार एसोसिएशन प्रयागराज उत्तर प्रदेश संघ की प्रान्तीय इकाई, जिला इकाई व तहसील इकाई पूरे उत्तर प्रदेश में वृहद वृक्षारोपण अभियान कार्यक्रम कर रहा है।

वृक्षारोपण कार्यक्रम के दौरान मुख्य रूप से कमलाकर सिंह,अशोक पाठक, पी सी पाण्डेय, सुरेश चन्द्र पाण्डेय, मनोज कुमार, नीरज केशरवानी, आशुतोष सिंह,इंद्रेश सिंह,पुष्प राज सिंह,पप्पू परिहार, बब्लू बघेल, श्याम सिंह, बिनय सिंह,लाल साहेब,कल्लू पाठक,दीपक द्विवेदी सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।



# सदस्य अभियानसदस्यता के माध्यम से समाज को एकजुट होने पर दिया गया बल -निर्मला सुदर्शन

**अखंड भारत संदेश**

**सिरसा/मेजा।** प्रयागराज नैनी सब्जी मंडी में सुदर्शन समाज सेवा संस्थान संगठन द्वारा समाज को एकजुट करने के लिए चलाया जा रहा सदस्यता अभियान जिसमें समाज को एकजुट होकर एक दूसरे का सहयोग करें और विकास के मुख्य धारा में जोड़ने का कार्य करते हुए समाज में फैली समस्त कुतिऱ्यां दूर हो सके।

आज श्रीमती निर्मला सुदर्शन जी एवं शिवम कुमार जी निवासी नैनी को सदस्यता सम्मान पत्र देकर सुदर्शन समाज सेवा संस्थान का सदस्य बनाया गया। श्रीमती निर्मला सुदर्शन ने कहा कि समाज को एक मंच में आकर समाज हित मे कार्य करने का आव्हान किया। कार्यक्रम में संस्थान के पदाधिरियो में मुख्य रूप से बैंक ऑफिसर अभिषेक मलिक जी अनिल सुदर्शन जी युवा अध्यक्ष विवेक सुदर्शन जी सुजीत जी एवं मुकेश शुक्रवारी जी और सदस्यगणआदि लोग उपस्थित रहे

**अंखड भारत संदेश** के लिए स्वामी श्री योगी सत्यम क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज 211019 से प्रकाशित एवं रामा प्रिंटिग प्रेस 53/25/1ए बेली रोड नया कटरा प्रयागराज से मुद्रित।

**मुद्रक/प्रकाशक**

स्वामी श्री योगी सत्यम पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से संबंधित विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा। आरएनआई नं.

UPHIN 2001/9025



# बीजेपी के बैठक में विधानसभा चुनाव की तैयारी पर हुई चर्चा

**अखंड भारत संदेश**

**सिरसा/मेजा।** प्रयागराज विधानसभा मेजा में भारतीय जनता पार्टी मेजा मंडल कार्यसमिति की बैठक बुधवार को राष्ट्रीय शिक्षा निकेतन लखनपुर में मंडल अध्यक्ष मेजा कामेश्वर पटेल की अध्यक्षता में हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला महामंत्री विक्रमादित्य मौर्य रहे। बैठक को संबोधित करते हुए श्री मौर्य ने पार्टी द्वारा आगामी विधानसभा चुनाव के बारे में शक्ति केंद्रों के कार्यकर्ताओं एवं मंडल पदाधिकारियों को जानकारी देते हुए कहा कि आगामी 2022 की चुनाव की तैयारी सभी कार्यकर्ता अभी से ही जुट जाएं।कार्यक्रम का संचालन मंत्री डाअमरेश तिवारी ने किया। कार्यक्रम को वरिष्ठ भाजपा नेता जयशंकर प्रसाद पांडे, श्रीमती बीना मिश्रा, रूप नारायण मिश्रा, जगत नारायण पांडे, महामंत्री कमलेश मिश्र ने संबोधित किया।इस मौके पर प्रमुख रूप से गामा पटेल,मीरा पटेल अखिलेश अवस्थी,संजय तिवारी, पंकज राव, रमाशंकर निषाद, रमाकांत पांडे, हीरालाल दुबे, कालू सिंह, राजेंद्र पाल और रिंकू संजय केशरी रामनगर आदि उपस्थित रहे।

# महिला जनसुनवाई में एक दर्जन से अधिक आये मामले, कई प्रकरणों का मौके पर किया गया निस्तारण

## उ0प्र0 मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना जागरूकता शिविर का भी किया गया आयोजन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग द्वारा प्रदेश में महिला उत्पीड़न की रोकथाम एवं पीडित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाये जाने तथा आवेदक/आवेदिकाओं की सुगमता की दृष्टि से सर्किट हाऊस, प्रयागराज में महिला जन सुनवाई/समीक्षा बैठक श्रीमती अनीता सचान मा. सदस्य राज्य महिला आयोग उत्तर प्रदेश की अध्यक्षता मे की गयी।

साथ ही उ0प्र0 मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना जागरूकता शिविर का भी आयोजन किया गया। शिविर में उपस्थित लोगो को योजना के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी। साथ ही उन्होंने विभिनन्न माध्यमों से इस कार्यक्रम का जनहित में व्यापक प्रचार-प्रसार किये जाने के लिए कहा है। इसके उपरांत मा0 सदस्य ने पूर्व में सम्पनन्न हुई जनसुनवाई में प्रकरणों की स्थिति की अद्यतन स्थिति एवं कृतकार्यवाही के बारे में जानकारी ली। कुछ प्रकरणों के लम्बित रहने पर मा0 सदस्य ने कड़ी नाराजगी जतायी व सम्बंधित अधिकारियों को प्रकरणों को तत्काल निस्तारित कर आख्या प्रस्तुत करने के लिए कहा। मा. सदस्य ने महिला जन सुनवाई में आयी पीड़ित महिलाओं की शिकायती प्रार्थना पत्रों को देखा। उन्होंने पीडित महिलाओं से बारी-बारी से उनकी समस्याओं को सुना तथा सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रकरण को प्राथमिकता के आधार पर लेते हुए निस्तारित किया जाय। महिला जन सुनवाई में पीड़ित महिलाओं ने अपनी समस्याओं को मा. सदस्य, राज्य महिला आयोग के समक्ष रखा। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि महिला उत्पीड़न से सम्बन्धित प्रकरण को लम्बित न रखा जाय बल्कि उसका मौके पर जाकर त्वरित निस्तारण की कार्यवाही सुनिश्चित करायी जाय। जनसुनवाई में दहेज, घरेलू हिंसा, मारपीट, रेप, जालसाजी, घर से बेदखल किये जाने से सम्बंधित मामले सुनवाई के लिए आए, जिसमें अपनी शिकायत लेकर आयी हुई परवीन पुत्री बफाती निवासी करेली ने घरेलू हिंसा व घर से बेदखल किये जाने की शिकायत की, जिसपर मा0 सदस्य ने जांच के निर्देश दिए। अनीता देवी निवासी प्रीतमनगर ने अपने पती डॉ0 राघवेन्द्र यादव पर आरोप लगाया कि उनके द्वारा उन्हें व उनकी बेटी के साथ मारपीट करते है साथ ही आत्महत्या के लिए उकसाते भी है, जिसपर मा0 सदस्य ने सम्बंधित मामले की जांच कर निस्तारित करने के निर्देश दिए। रेनू सिंह निवासी मम्फोडगंज के द्वारा मकान मालिक पर उत्पीड़न करने की शिकायत की। इसके साथ ही रजनी पती शुभन निवासी महेवा नैनी ने अपने ज्येठ द्वारा प्रताड़ित करने व घर में न रहने देने की शिकायत की गयी, जिसपर मा0 सदस्य ने सम्बन्धित थाने के अधिकारियों को मामले की जांच कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में आये हुए प्रकरणों में कुछ प्रकरणों में सम्बन्धित थानों द्वारा एफआईआर न दर्ज करने पर नाराजगी जतायी। महिला जन सुनवाई में कुल एक दर्जन से अधिक प्रकरण सुनवाई के लिए आयें, जिनमें से कुछ प्रकरणों का मौके पर ही निस्तारण सुनिश्चित कराया गया। महिला आयोग की जनसुनवाई में एसीएम चतुर्थ डॉ0 कंचन, जिला प्रोबेशन अधिकारी श्री पंकज मिश्रा सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण मौजूद रहे।



# नदी नाले के नाम पर कृषि योग्य जमीनों की नवइऱ्यत बदलने की जरूरत

## मुख्यमंत्री जी और जिलाधिकारी को प्रधान ने विधायक के जरिए लिखा पत्र

### अल्हवा ग्राम सभा में सैकड़ों बीघा जमीन अतिक्रमित

**अखंड भारत संदेश**

**कोरांव/प्रयागराज।** तहसील कोरांव के ग्राम सभा अल्हवा में नदी नाले आदि के नाम पर भू अभिलेखों में अंकित जमीनों पर सरहांगो द्वारा अनाधिकृत कब्जा कर अनावश्यक लाभ उठा रहे लोगों के दृष्टि गत ग्राम प्रधान/चेयरमैन भूमि प्रबन्धक समिति ने जिलाधिकारी,मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार लखनऊ को एक पत्र लिख कर उक्त प्रकार की कृषि योग्य भूमि की नवइऱ्यत बदलने की मांग की है। जिससे भूमि हीन गरीब श्रमिक मुशहर दलितों आदि



को जीविका चलाने हेतु पट्टा किया जा सके।

ग्राम प्रधान अल्हवा कोरांव शहजादे पत्रकार ने बताया कि भू अभिलेखों में नदी नाला आदि के नाम पर दर्ज जमीनें ज्यादातर कृषि योग्य है। जिस पर ग्राम के सरंगों का अनाधिकृत कब्जा है। इस लिए कृषि योग्य ऐसी जमीनों को पात्रों में आवंटित किए जाने हेतु साशन स्तर पर पत्राचार किया जा रहा है। जिससे गरीबों भूमिहीनों का कल्याण हो सके। इस सम्बन्ध में उपजिलाधिकारी कोरांव से भी आग्रह किया गया है। उक्त कार्यवाही से काफी गरीबों भूमिहीनों श्रमिकों को लाभान्वित कर समाज की मुख्य धारा से जोड़ा जा सकेगा।

# दिवंगत सैनिक को मिले शहीद का दर्जाः गोपाल

**पट्टी, प्रतापगढ़।** सेना के दिवंगत जवान चंद्रलोक तिवारी के निधन पर एमएलसी अक्षय प्रताप उर्फ गोपाल ने उनके आवास पर पहुंचकर संवेदना जताई। परिजनों की ओर से सैनिक को शहीद का दर्जा ना दिए जाने पर नाराजगी व्यक्त की गई।

इस पर एमएलसी मामले को शासन प्रशासन तक पहुंचाने की बात कही। इस दौरान शिवगढ़ के पूर्व प्रमुख विवेक त्रिपाठी, जनसत्ता दल युवा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष दिनेश तिवारी, जिला अध्यक्ष रामअचल वर्मा, पूर्व प्रमुख अनुभव यादव, मीडिया प्रभारी मक्कू ओझा, जिला सचिव संतोष त्रिवेदी, देवेंद्र पाल, आशुतोष तिवारी मौजूद रहे। उधर विधान सभा रानीगंज के

## दिवंगत जवान के घर पहुंचे एमएलसी, जताई संवेदना



## कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष बृजेन्द्र मिश्र ने दी श्रद्धांजलि



विकास खंड बाबा बेलखरनाथ धाम अंतर्गत ग्राम सभा सराय नानकार निवासी शहीद चंद्रलोक तिवारी को श्रद्धांजलि अर्पित करने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष बृजेन्द्र मिश्र उनके आवास पर गए। इस दौरान उनके चित्र पर माल्यार्पण कर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। श्री मिश्र ने परिवार के लोगों से मुलाकात कर उनके दुख में हमेशा साथ रहने का वादा किया। श्री मिश्र ने शहीद के पिता की कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू से फोन पर बात कराई, प्रदेश अध्यक्ष से वार्ता के दौरान आप बीती सुनाई और स्थानीय प्रशासन पर उपेक्षा का आरोप लगाया। इस मौके पर पूर्व जिला सचिव संतोष शर्मा, अमन कुमार तिवारी, सुनील तिवारी, विमल सिंह, अनीसुद्दीन सहित कई कांग्रेसजन रहे।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों का कराएं निस्तारणः सचिव

**प्रतापगढ़।** सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नीरज कुमार त्रिपाठी ने बताया है कि उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार एवं संजय शंकर पाण्डेय माननीय जनपद न्यायाधीश/ अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशन में 11 सितम्बर को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा जिसके लिये प्रत्येक थाना, तहसील, ब्लाक व अन्य सभी विभागों में राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार प्रसार हेतु सूचना प्रेषित की जा रही है कि वह अधिक से अधिक वादों का निस्तारण राष्ट्रीय लोक अदालत में करायें। इस राष्ट्रीय लोक अदालत में आपराधिक शमनीय वाद, धारा-138 पराक्रम्य लिखित अधिनियम वाद, बैंक वसूली वाद, मोटर दुर्घटना प्रतिकर याचिकाएं, पारिवारिक वाद, श्रम वाद, भूमि अधिग्रहण वाद, विद्युत एवं जल बिल विवाद (चोरी से सम्बन्धित विवादों सहित), सर्विस में वेतन सम्बन्धित विवाद एवं सेवानिवृत्ति लाभो से सम्बन्धित विवाद, राजस्व वाद, अन्य सिविल वाद (किराया, सुखाधिकार, व्ययादेश, विशिष्ट अनुतोष वाद) आपसी सुलह समझौते के आधार पर निस्तारित हो सकने वाले समस्त प्रकार के वादों का निस्तारण किया जायेगा। वादकारी अपने सम्बन्धित न्यायालय में सम्पर्क कर अपने वादों को राष्ट्रीय लोक अदालत हेतु सन्दर्भित कराकर लोक अदालत का लाभ उठाएं।

### 24 शीशी अवैध देसी शराब के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**प्रतापगढ़।** आबकारी निरीक्षक बृजेन्द्र पटेल मय टीम द्वारा थाना क्षेत्र रानीगंज स्थित विदेशी मदिरा की दुकान से चेकिंग के दौरान एक व्यक्ति गंगाधर पटेल पुत्र रामचन्द्र पटेल नि0 भवानीगंज थाना रानीगंज को गिरफ्तार कर मौके से 24 शीशी अवैध/नकली देसी शराब बरामद किया गया। उक्त बरामदगी के सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 400/21 धारा 420, 467, 468, 471 भादवि व 60/64 आबकारी अधिनियम का अभियोग पंजीकृत किया गया है।

# बॉक्स पोर्टर नहीं, गार्ड ने खड़ी कर दी मालगाड़ी

## खाना खाने गया था पोर्टर, झोला कौन उठाये

**प्रतापगढ़।** स्थानीय जंक्शन पर परिचालन विभाग की लापरवाही रुक नहीं रही है। बुधवार को गार्ड का झोला उठाने के लिये आन डयूटी बॉक्स पोर्टर समय पर मौजूद था। उसके लिये गार्ड ने मालगाड़ी रोक दी। इसकी शिकायत बाकायदा पावर केबिन पर डिप्टी एसएस से कर दी। मालगाड़ी के जाने के बाद पोर्टर पहुंचा। उसने बताया कि वह खाना खाने गया था। फिलहाल अभिलेख में लेटलतीफी का उल्लेख कर दिया गया है। सूत्रों के अनुसार मालगाड़ी गार्ड जेपी पांडेय को मालगाड़ी प्रतापगढ़ से गौरीगंज लेकर जाना था। वे समय पर एसएम ऑफिस पहुंच गये। मगर उनका झोला जिसमें झंडी और टार्च वगैरह थी, उसको मालगाड़ी पर पहुंचाने वाला आन डयूटी बॉक्स पोर्टर उस समय ऑफिस में मौजूद नहीं था। उसका इंतजार किया गया। मालगाड़ी लेट होने लगी। अन्तोगत्वा गार्ड को खुद झोला उठाकर ट्रेन तक जाना पड़ा। इस चक्कर में ट्रेन दस मिनट लेट हो गई। बात लेट लतीफी का नहीं है। गार्डों का कहना है कि ऐसा अक्सर होता है। उनका आरोप है कि बॉक्स पोर्टर डयूटी के अलावा सब काम करते हैं। ट्रेन के समय पर कम ही मिलते हैं। हालांकि पोर्टर भागते पहुंच गया था। उसने डिप्टी एसएस एसपी पांडेय को बताया कि वह बताकर खाना खाने गया था। फिलहाल डयूटी के प्रति लापरवाही नहीं होनी चाहिए।

# शुचिता, निष्पक्षता एवं पूर्ण पारदर्शिता के साथ सम्पन्न कराये परीक्षाः जिलाधिकारी

## डीएम ने टी0जी0टी0, पी0जी0टी0 व बीएड् की तैयारियों के सम्बन्ध में दिये दिशा निर्देश

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल ने जनपद में संयुक्त प्रवेश परीक्षा बीएड्, टी0जी0टी0, पी0जी0टी0 की तैयारियों के सम्बन्ध में जोनल मजिस्टेड्ट, सेक्टर मजिस्टेड्ट एवं स्टैटिक मजिस्टेड्ट व परीक्षा ड्यिूटी में लगाये गये अधिकारियों के साथ क्षेत्रीय ग्राम्य विकास संस्थान अफीम कोठी के सभागार में बैठक करते हुये निर्देशित किया कि 06 अगस्त को संयुक्त प्रवेश परीक्षा बीएड्, 07 व 08 अगस्त को टी0जी0टी0 (प्रशिक्षित सनतक) एवं 17 व 18 अगस्त को पी0जी0टी0 (प्रवक्ता) की परीक्षा जनपद के विभिनन्‍ परीक्षा केन्द्रों पर सम्पनन्‍ करायी जायेगी।

परीक्षा के दौरान ड्यिूटी में लगाये गये जोनल, सेक्टर, स्टैटिक मजिस्टेड्ट व केन्द्र व्यवस्थापक परीक्षा को शुचिता, निष्पक्षता एवं पूर्ण पारदर्शिता के साथ सम्पनन्‍ करायेगें। केन्द्र व्यवस्थापक यह सुनिश्चित करें कि परीक्षा ड्यूटी में लगाये जाने वाले कक्ष निरीक्षक के रूप में किसी संदिग्ध व्यक्ति की ड्यूटी न लगायी जाए। परीक्षा के दौरान यदि किसी कक्ष निरीक्षक द्वारा किसी प्रकार की लापरवाही बरती जायेगी तो सम्बन्धित कक्ष निरीक्षक के विरूद्ध कठोरतम कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। जिलाधिकारी ने यह भी कहा कि परीक्षा केन्द्र के आस-पास 500 मीटर की परिधि में आने वाली फोटो स्टेट एवं इलेक्ट्रानिक की दुकानें बन्द रखी जायेंगी। परीक्षा के दौरान केन्द्र पर कोई भी परीक्षार्थी मोबाइल एवं अन्य इलेक्ट्रानिक डिवाइस लेकर प्रवेश नहीं करेगा। इस पर विशेष निगरानी रखी जाये। ड्यूटी में लगाये गये कक्ष निरीक्षक भी परीक्षा के दौरान अपने पास मोबाइल नही रखेगें। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि परीक्षा केन्द्रों पर कोविड प्रोटोकाल का शत् प्रतिशत अनुपालन किया जाए।, किसी भी परीक्षार्थी को बिना मास्क के परीक्षा केन्द्र में अनुमति न दी जाए। परीक्षा के दौरान जोनल एवं सेक्टर मजिस्टेड्ट अपने अपने क्षेत्रों में निरन्तर भ्रमणशील रहकर परीक्षा को सुचारू ढंग से सम्पनन्‍ करायेगें। सभी परीक्षा केन्द्रों के आस-पास धारा-144 लागू रहेगी। बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी सुरेन्द्र प्रसाद द्विवेदी ने कहा कि परीक्षा को निष्पक्षता एवं पूर्ण पारदर्शिता के साथ सम्पनन्‍ कराने हेतु क्षेत्राधिकारी, थानाध्यक्ष, मोबाइल टीम के साथ लगातार भ्रमणशील रहकर परीक्षा को सम्पनन्‍ करायेगें। बैठक में अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) शत्रोहन वैश्य, जिला विद्यालय निरीक्षक सर्वदानन्द, प्राचार्य डायट मो0 इब्राहिम सहित मो0 अनीस व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# धोखाधड़ी करने वाले को गुजरात पुलिस ने किया गिरफ्तार

पट्टी, प्रतापगढ़। धन दूना करने वाले गिरोह आठ हजार की धोखाधड़ी कर अहमदाबाद शहर से भागकर अपराधी पट्टी कोतवाली में रह रहा था। तलाश करते हुए गुजरात पुलिस ने अपराधी को गिरफ्तार किया।

पट्टी कोतवाली में गुजरात पुलिस के मिलन भाटिया सब इंस्पेक्टर की टीम तीन दिन से डेरा डाले हुए थे। मिलन भाटिया का कहना था कि गुजरात प्रांत के अहमदाबाद शहर के थाना रखियाल में एक वर्ष पूर्व उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ जनपद कोतवाली पट्टी क्षेत्र के गांव उड़ैयाडीह निवासी शौकत अली, पुत्र लियाकत अली अंसारी, जो धन दुगुना करने का लालच देकर कई लोगो से आठ लाख रूपया की ठगी किया था। ठगी करने के बाद इसके खिलाफ थाना रखियाल में मुकदमा दर्ज हुआ इसकी भनक लगते ही अपराधी शहर छोड़कर भाग निकला पुलिस उसकी तलाश कर रही थी लेकिन हाथ नहीं लगा। सर्विलांस के जरिये पता चला कि आरोपी उड़ैयाडीह बाजार में रह रहा है पट्टी पुलिस की मदद से बुधवार को शौकत अली को पुलिस ने गिरफ्तार कर अपने साथ अहमदाबाद ले गई।

# पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाएंः सुमन सिंह

## राज्य महिला आयोग की सदस्या ने महिला उत्पीड़न की सुनवाई की



**प्रतापगढ़।** उ0प्र0 राज्य महिला आयोग की सदस्या सुमन सिंह ने बुधवार को लोक निर्माण विभाग के गेस्ट हाउस में महिला उत्पीड़न से जुड़े शिकायतों की सुनवाई की। उ0प्र0 राज्य महिला आयोग की सदस्य के समक्ष कुल 26 महिलाओं ने अपनी शिकायतें दी। जनसुनवाई के दौरान आयी हुई समस्त शिकायतों कों सम्बन्धित थाने के थानाध्यक्ष व सम्बन्धित विभाग को भेजने का निर्देश राज्य महिला आयोग की सदस्य सुमन ने दिया और कहा कि इन शिकायतों का तत्काल निस्तारण कराये।

उन्होने यह भी कहा कि महिलायें अपने उत्पीड़न सम्बन्धी कोई भी शिकायत उपस्थित होकर शिकायती प्रार्थना पत्र दे सकती है, जिसकी सुनवाई के लिये महिला आयोग द्वारा त्वरित निस्तारण के लिये कार्यवाही की जायेगी। उ0प्र0 राज्य महिला आयोग की सदस्या ने कहा कि महिलाओं के उत्पीड़न से सम्बन्धित जो भी शिकायतें सम्बन्धित विभागों को प्राप्त हो, उसके निस्तारण में लापरवाही कदापि न बरती और प्राथमिकता के आधार पर महिलाओं की समस्याओं का निस्तारण किया जाए। महिला जनसुनवाई के उपरान्त उ0प्र0 मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना शिविर का आयोजन किया गया जिसमें कुल 10 आवेदन पत्र प्राप्त हुये। इस मौके पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव नीरज कुमार त्रिपाठी, उपजिलाधिकारी जलराजन चौधरी, जिला प्रोबेशन अधिकारी रन बहादुर वर्मा, सीओ सिटी अभय पाण्डेय, महिला कल्याण अधिकारी व अन्य सम्बन्धित उपस्थित रहे।

## विदाई समारोह में चौकी प्रभारी को साथियों ने दी विदाई

**बिहारगंज, प्रतापगढ़।** बीते दिन जब जिला में चौकी इंचार्ज के ट्रांसफर की लिस्ट सामने आई तो गड़वारा चौकी इंचार्ज को कन्धई थाना के दिलीपपुर चौकी इंचार्ज का प्रभारी बनाया गया। चौकी प्रभारी निकेत भारद्वाज का उनके विभागीय साथियों ने गड़वारा चौकी में विदाई समारोह का छोटा सा कार्यक्रम आयोजित किया। निकेत भारद्वाज का गड़वारा में करीब डेढ़ साल का कार्यकाल रहा। अंतू थानाध्यक्ष प्रवीण कुशवाहा ने मिठाई खिलाकर निकेत को शुभकामनाएं प्रदान की। सभी विभागयीय साथियों व गड़वारा बाजार के व्यापार मंडल के अध्यक्ष, गड़वारा के वर्तमान प्रधान, व्यवसायी ओमप्रकाश जायसवाल व आदि लोगो ने निकेत भारद्वाज को माला पहनाकर व मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं प्रदान की। इस मौके पर नए गड़वारा चौकी प्रभारी अनिल पांडेय, एसआई एहसानुल हक, मनीष सिंह गड़वारा प्रधान, युवराज सिंह नवीन गौतम आशुतोष तिवारी, रतन्श यादव व्यापार मंडल अध्यक्ष आशुतोष त्रिपाठी, ओमप्रकाश जायसवाल आदि लोग मौजूद रहे।



# संस्कार ग्लोबल स्कूल की संजीवनी रही अव्वल

**प्रतापगढ़।** सीबीएसई बोर्ड द्वारा घोषित इंटरमीडिएट के परिणाम में संस्कार ग्लोबल स्कूल की छात्रा संजीवनी पांडेय ने जीव विज्ञान ग्रुप में 88 प्रतिशत अंकों के साथ परीक्षा उत्तीर्ण कर सफलता प्राप्त की है।

उसकी इस सफलता पर परिजनों ने प्रसनन्ता व्यक्त की है। संजीवनी पाण्डेय, बड़ौदा उत्तर प्रदेश बैंक, प्रतापगढ़ के पूर्व वरिष्ठ प्रबंधक व सुप्रसिद्ध साहित्यकार स्वर्गीय चंद्रमणि पांडेय चंद्र की पौत्री और राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ, प्रतापगढ़ के जिला कार्यवाह डॉक्टर सौरभ पांडेय की सुपुत्री है। संजीवनी ने बताया कि एक कुशल चिकित्सक बनकर समाज की सेवा करना उसका लक्ष्य है। संजीवनी की सफलता पर स्कूल परिवार ने भी उसे बधाई दी है।

# ट्रेन की सही सूचना न होने से चकरघिन्नी बने यात्री

## टीसी दफ्तर में कैंसिल और एसएम दफ्तर में ट्रेन के आने की थी सूचना

## इंटरसिटी (04270) के आगमन को लेकर यात्रियों में बनी रही अनिश्चितता

**प्रतापगढ़।** लखनऊ से बनारस जाने वाली 04270 इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन के आने की सही जानकारी रेल प्रशासन की तरफ से न देने की वजह से बुधवार को यात्रियों में असमंजस की स्थिति बनी रही। एसएम और इंक्वायरी के चक्कर में वे चक्करघिनने बने रहे।

रद्द ट्रेन दूसरे दिन चलती है तो इसकी सूचना रेलवे के नेटवर्क पर अपडेट नहीं की जा रही है। बुधवार को 04270 इंटर सिटी ट्रेन के मुसाफिरों को रेलवे की ऐसी ही लापरवाही से दो चार होना पड़ा। हुआ यूं कि यह ट्रेन मंगलवार को कैंसिल थी। बुधवार को आ रही थी। इसकी सूचना स्टेशन पर यात्रियों को नहीं दी गई। यात्रियों का कहना था कि इंक्वायरी में उन्हें बताया गया कि ट्रेन आज कैंसिल है। एनटीएस पर यही दिखा रहा है। यात्री भागकर स्टेशन मास्टर कार्यालय पहुंचे। यहां बताया गया कि ट्रेन तो आ रही है। जायस पहुंच रही है। यह सुनते ही यात्री सकते में आ गये। उन्होंने फोन कर के घरवालों को स्टेशन बुलाया। लोग भागते हुए पहुंचे। उनका आरोप था कि मोबाइल नेटवर्क को रेलवे ने अपडेट नहीं किया था। इस काम के जिम्मेदार कर्मचारियों की लापरवाही के कारण अक्सर ऐसा होता है। जिससे उनकी ट्रेन छूट जाती है। इंक्वायरी के आन डयूटी स्टाफ ने बताया कि उसने एनटीएस पर देखकर यात्रियों को कैंसिल की सूचना दी थी। एसएम ने बताया कि इंटर सिटी बुधवार को चलेगी। इसका मैसेज आया था। अच्छा मजाक है,एसएम में मैसेज आया। इंक्वायरी में नहीं आया। इससे दोनो विभागों के बीच तालमेल की कमी का पता चलता है। जो यात्रियों के लिए परेशानी का सबब बन रही है। रेलवे के जानकारों का कहना है कि मोबाइल के भरोसे न रहें। स्टेशन आकर हकीकत पता करे।

## अधिवक्ता से रंगदारी के मामले में रिपोर्ट दर्ज

**पट्टी, प्रतापगढ़।** अधिवक्ता से रंगदारी मांगने के मामले में पुलिस अधीक्षक के आदेश पर पट्टी पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। कंधई थाना क्षेत्र के पूरे वेदुआ गांव निवासी अधिवक्ता नवीन कुमार त्रिपाठी जिला कचहरी में वकालत करते हैं। पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाया कि 22 जुलाई की सुबह साढ़े साढ़े 9 बजे घर से जिला कचहरी जा रहे थे। इसी दौरान उड़ैयाडीह तिराहे पर पट्टी कोतवाली क्षेत्र के सोनवट गांव का चार व्यक्तियों ने अधिवक्ता की गाड़ी रोक ली। आरोपित ने तमंचा सटाकर पीड़ित से रंगदारी मांगने लगा।

# एसडीएम ने शराब की दुकानों का किया औचक निरीक्षण

**बाघराय, प्रतापगढ़।** बुधवार को उपजिलाधिकारी कुंडा सतीश चंद्र मिश्र के नेतृत्व में सीओ सदर की अगुवाई में बाघराय थाना क्षेत्र के शराब की दुकानों का औचक निरीक्षण किया। टीम की छापेमारी से ठेकेदारों मे खलबली मच गयी। निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी ने बाघराय थाना क्षेत्र के बिहार बाजार के कुंडा मोड़ स्थित अंग्रेजी शराब ठेके की दुकान का औचक निरीक्षण किया। सीओ सदर के साथ पहुंचे एसडीएम कुंडा ने दुकान का स्टाक चौक करके अभिलेखों से मिलान किया। इसके बाद एटीएम बिहार के समीप स्थित देसी शराब की दुकान में टीम ने दस्तक दी। उपजिलाधिकारी ने दुकान में रखी शराब की बोतलों की सील आदि को चेक किया गया। साथ ही अभिलेखों से स्टाक का मिलान किया।

# 15 अगस्त से ग्राम पंचायत स्तर पर होगा कमेटियों का गठनः डा0 लालजी

## भुपियामऊ में कांग्रेस न्याय अध्यक्षों व प्रभारियों की बैठक सम्पन्न



सदर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मनीष सिंह के आवास भुपियामऊ पर न्याय पंचायत अध्यक्षों एवं न्याय पंचायत प्रभारियों की बैठक संपनन्‍ हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव प्रभारी जयकरन वर्मा मौजूद रहे। बैठक की अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ. लालजी त्रिपाठी एवं संचालन कांग्रेस सेवादल के जिला अध्यक्ष महेंद्र शुक्ला ने किया। आभार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मनीष सिंह ने किया।

इस मौके पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ. लालजी त्रिपाठी ने कहा कि संगठन को गतिशील बनाने के लिए प्रियंका गांधी ने कांग्रेस जनों से आह्वान किया है और कहा कि पूरे प्रदेश में न्याय पंचायत स्तर पर कमेटी का गठन हो गया है। अब उनकी बैठक एवं प्रशिक्षण का कार्य जल्द से जल्द पूर्ण करके 15 अगस्त से ग्राम पंचायत स्तर पर कमेटियों के गठन का कार्य तेजी से शुरू होगा। सचिव प्रभारी जयकरन वर्मा ने कहा कि ग्राम पंचायत समितियों के गठन के उपरांत बूथ कमेटियों के गठन का कार्य शुरू होगा। पूर्व प्रत्याशी कांग्रेस सदर विधानसभा डॉ. नीरज त्रिपाठी ने कहा कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने के लिए जनता के बीच जाकर गांव-गांव घर-घर लोगों से संपर्क स्थापित कर संवाद शुरू करने की जरूरत है। बैठक में पीसीसी सदस्य डॉ प्रशांत देव शुक्ला, विनोद कुमार चौधरी, जावेद अहमद खान, अवनीश चौधरी, मनोराम मिश्रा, वेद प्रकाश तिवारी, उपेंद्र शुक्ला, राम राज तिवारी, रतनकर तिवारी, ओंकार नाथ पांडेय, मुशीरुल हसन, राम रतन तिवारी, आशुतोष तिवारी, अतुल सिंह, वैभव सिंह, रमाकांत मिश्रा, विवेक सिंह, विवेक शुक्ला, राहुल तिवारी, अरुण सिंह, आदि लोग मौजूद रहे।

## चार वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

प्रतापगढ़। थाना रानीगंज से प्रभारी निरीक्षक पवन कुमार त्रिवेदी मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/चेकिंग के दौरान मुखबिर खास की सूचना पर थाना क्षेत्र के खरहर के पास से मु0अ0सं0 393/21 धारा 147, 148, 149, 307, 120बी, 506 भादवि से सम्बन्धित चार वांछित अभियुक्तों सगीर अहमद पुत्र अमीनुद्दीन, हजरत अली पुत्र फखरूद्दीन, बृजेश पुत्र सुभाष चन्द्र व फिरोज खान पुत्र सगीर अहमद नि0गण सण्डौरा थाना रानीगंज को गिरफ्तार किया गया।

# महिलाओं की शिकायतों का तत्काल करें निस्तारण : उषा

अखंड भारत संदेश



**भदोही।** राज्य महिला आयोग की सदस्य उषा रानी की अध्यक्षता में बुधवार को तहसील सभागार में मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना जागरूकता शिविर एवं जन सुनवाई का आयोजन किया गया। इस दौरान महिला आयोग की सदस्य उषा रानी ने अफसरों को सख्त निर्देश दिया कि महिलाओं से जुड़ी सभी शिकायतों का तत्काल निस्तारण किया जाए। इस दौरान उनके पास जन सुनवाई में महिला उत्पीड़न से जुड़े कुल 27 शिकायती प्रार्थना पत्र आए। हालांकि इनमें से मौके पर केवल छह का ही निस्तारण हो सका जबकि शेष को संबंधित विभागीय अधिकारियों को सौप दिया गया। उन्होंने महिला उत्पीड़न की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने और पीडि़त महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाने के लिए अधिकारियों से बातचीत भी की। इसके साथ ही उन्होंने क्षेत्राधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, महिला थाना प्रभारी, महिला हेल्पलाइन प्रभारी को निर्देश दिया कि महिलाओं के प्रकरण में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कहा कि जन सुनवाई में एक महिला ने शिकायती प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया। जिसे गंभीरता से लेकर महिला हेल्पलाइन की मदद लेकर मौके पर निस्तारण किया गया। महिलाओं से जुड़े कुल 27 शिकायतें आई, जिसमें छह मामलों का समझौता कराया गया। 21 मामलों को पुलिस और राजस्व विभाग को दिया गया। मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना जागरूकता शिविर में आयोग की सदस्य ने कोविड से प्रभावित परिवारों को पेंशन, आयुष्मान कार्ड, कन्या सुमंगला योजना का लाभ देने के लिए कहा। योजना में कुल 13 परिवार के अभिभावकों को प्रमाणपत्र दिया गया। कहा कि अनाथ बालिकाओं के विवाह के लिए सरकार एक लाख की आर्थिक मदद देगी। इस अवसर पर अपर उप जिलाधिकारी ज्ञान प्रकाश यादव, सीओ अशोक सिंह, अजय कुमार सहित कई विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

## नगर में ऑटो चालकों की मनमानी से राहगीर है परेशान

**गोपीगंज।** नगर के मुख्य चौराहे पर ऑटो चालकों की मनमानी से आम जीवन को खतरा बना रहता है। जब की मुख्य चौराहे पर यह नही की पुलिस होमगार्ड या ट्रैफिक पुलिस की ड्यूटी नही रहती है पर यह ऑटो चालकों को किसी की परवाह नही रहती सड़क और चौराहों के बीचों बीच खड़ी कर सवारियां लादते है इन्हे किसी का खौफ नहीं। सूत्रों के हवाले से मिली जानकारी के अनुसार यह प्रति महिना देते है। और वह भी आउटसाइडर के माध्यम से इनकी वसूली होती है। और कुछ पुलिस के खास की ऑटो चलती है। जिससे इनका हौसला बढ़ा हुआ है।आए दिन हादसे राष्ट्रीय राजमार्ग पर होते रहते कारण इनका बेतरतीब ड्राइविंग करना जिधर चाहा घुमा दिया खड़ी कर दिया। नगर का मुख्य चौराहा इनकी वजह से जाम रहता है। पुलिस प्रशासन मूक दर्शक की भूमिका में खड़ा रहता है।

# अस्पतालों की व्यवस्थाएं हो रही चाक-चौबंद

अखंड भारत संदेश

**भदोही।** कोरोना की संभावित तीसरी लहर से निपटने के लिए महाराजा चेत सिंह जिला अस्पताल समेत स्वास्थ्य केंद्रों में तैयारी अब अंतिम चरण में है।

स्वास्थ्य विभाग की ओर से अब इन अस्पतालों में पीकू बेड समेत ऑक्सीजन पहुंचने तक व्यवस्थाएं की जा रही है। जिस तरह से संसाधनों की व्यवस्था की गई है, उससे ऐसी संभावना है कि अगर तीसरी लहर आती है तो बड़ा हो या छोटा, किसी के इलाज में कोई परेशानी नहीं होगी। दरअसल कोरोना की संभावित तीसरी लहर को लेकर स्वास्थ्य विभाग की तैयारी अंतिम चरण में पहुंच गई है। इस क्रम में सभी पांच सीएचसी में 100 अतिरिक्त बेड बढ़ाए गए हैं। जबकि जिला अस्पताल ज्ञानपुर में 20 बेड का पीकू वार्ड तैयार हो चुका है। पांच हजार नवजात, 22 हजार बच्चे और 38 हजार से अधिक किशोरों को बचाने के लिए विभाग तैयारी में जुटा है। कोरोना संक्रमण की संभावित तीसरी लहर में ऑक्सीजन, बेड और दवाओं की किल्लत न रहे। इस पर स्वास्थ्य विभाग का पूरा फोकस है। जिले में पांच प्लांट स्वास्थ्य विभाग की ओर से अपने अस्पतालों में लगाए जाने का काम तेजी से कराया जा रहा है।

सुरियावां सीएचसी संग दो आक्सीजन प्लांट शुरू हो चुके हैं जबकि जिला अस्पताल में भी प्लांट के उपकरण बैठाने का काम तेजी से चल रहा । 15 अगस्त तक डीघ और औराई सीएचसी में ऑक्सीजन प्लांट के शुरू होने की संभावना है। सीएमओ डॉ. संतोष कुमार चक ने बताया कि सभी सीएचसी पर 100 बेड बढ़ाया गया है। जिले के सभी डाक्टरों, स्वाथ्यकमिंयों व पैरामेडिकल स्टाफ का पिछले सप्ताह ही दो दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया है। ऑक्सीजन प्लांट के लिए जिले के 50 बेड से अधिक निजी चिकित्सालयों को भी चिह्नित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि महाराजा बलवंत और चेतसिंह चिकित्सालय में100 बेड का ऑक्सीजन युक्त वार्ड बनाकर तैयार है। जिले में 5099 नवजात शिशु, 22 हजार बच्चों और 38845 किशारों को बचाने की तैयारी विभाग कर रहा है।

वर्तमान में जिले में कुल सरकारी क्षेत्रों में 64 डॉक्टर हैं। इसमें 17 बाल रोग विशेषज्ञ मौजूद हैं। निजी चिकित्सालयों में वर्तमान में 39 डॉक्टर हैं। सीएमओ ने बताया कि तीसरी लहर को रोकने के लिए युद्धस्तर पर टीकाकरण कराया जा रहा है। बावजूद इसके तीसरी लहर आती भी है तो हमारे पास ऑक्सीजन और बेड की पूर्व की तुलना में कई गुना अधिक व्यवस्थाएं हो चुकी हैं। गांव के मरीजों को इलाज के लिए शहर तक नहीं आना होगा। सीएचसी पर ही मरीजों को इलाज मिले। इसके लिए इंतजाम किए जा रहे हैं।



# बाबा बड़े शिव मंदिर पर कमिश्नर ने झुकाया शीश

अखंड भारत संदेश

**गोपीगंज।** नगर के प्राचीन बड़े शिव मंदिर पर बुधवार को दोपहर मंडलायुक्त योगेश्वर राम मिश्रा द्वारा बाबा का पूजन अर्चन किया गया।

मंदिर के आचार्य पंडित शरद पांडे द्वारा विधि विधान पूर्वक पूजन अर्चन संपन्न कराया गया। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी औराई चंद्रशेखर सहित शिव परिवार के दीपक मोदनवाल, बाबा लाल जायसवाल सहित भारी संख्या में भक्तगण मौजूद रहे।

# भाजपा गद्दी छोड़ो आंदोलन पर कांग्रेसजनों ने किया मंथन

अखंड भारत संदेश

**गोपीगंज/भदोही।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू के निर्देश पर जिला अध्यक्ष माबूद खान की अध्यक्षता में एक आवश्यक बैठक संपन्न हुई, जिसमें आगामी 9व10 अगस्त को भाजपा गद्दी छोड़ो आंदोलन के संबंध में विस्तृत रूप से विचार विमर्श किया गया।



इस बैठक में कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं पदाधिकारियों व फ्रंटल संगठनों के अध्यक्षों से विस्तृत वार्ता हुई। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव व प्रभारी धर्मेंद्र निषाद की उपस्थिति में समस्त कांग्रेसजनों से आंदोलन के सफलता पर वृहद मंथन किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव एवं सोनभद्र के प्रभारी राजेंद्र कुमार दुबे राजन ने कहा कि देश के फासिस्टवादी ताकतों को जड़ से उखाड़ फेंकने के लिए अब कांग्रेस के सिपाहियों को कमर कस लेना होगा। वरिष्ठ कांग्रेसी नेता उमापति मिश्र लल्लन ने कहा कि भारत छोड़ो आंदोलन करके कांग्रेसियों ने अंग्रेजों को भारत छोड़ने के लिए विवश कर दिया था, आज एक बार फिर भाजपा गद्दी छोड़ो का आंदोलन कांग्रेस ने छेड़ा है। इसकी देशवासियों को बहुत जरूरत है। बैठक में प्रमुख रूप से जगदीश पासी, सुरेश मिश्रा, प्रेम बिहारी उपाध्याय, डॉ आशुतोष पांडे, करमचंद, मृत्युंजय पांडे, देव नारायण यादव, सुरेश गौतम, गुलजारीलाल उपाध्याय, जफर खान, लक्ष्मी शंकर चौबे, रंगनाथ दुबे, अवधेश पाल, परवेज़ हाशमी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सड़क क्षतिग्रस्त, ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

अखंड भारत संदेश

**भदोही।** खेदौपुर-बेरवांपहाड़पुर मार्ग वर्षों से क्षतिग्रस्त है। मरम्मत नहीं कराए जाने पर ग्रामीणों ने जिला पंचायत के खिलाफ प्रदर्शन कर नारेबाजी की। इस संबंध में पूर्व ग्राम प्रधान श्यामा शंकर गौतम ने जिला पंचायत पर अनियमितता का आरोप लगाया। एक किलोमीटर लंबा खेदौपुर से बेरवांपहाड़पुर मांग जिला पंचायत की उपेक्षा के कारण क्षतिग्रस्त है।

इस मार्ग पर पैदल चलना भी मुश्किल हो रहा है। बारिश के समय में गड्ढों में पानी भर जाने के लिए लोग गिरकर चुटहिल हो रहे हैं। मार्ग के किनारे नाली का निर्माण न होने से गंदे पानी का जमाव और कीचड़ भी जमा रहता है। तटवर्ती गांव होने के चलते कई गांव से लोगों का आवागमन शवों का अंतिम संस्कार करने, मिर्जापुर, प्रयागराज, सोनभद्र, मध्यप्रदेश जाने वाले गंगा घाट आकर नाव, स्टीमर से गंगा आर-पार होते हैं। गांव के बच्चे, महिलाएं, बुजुर्ग कोइरौना बाजार आकर ही राजमार्ग की ओर पहुंचते हैं। कई बार जिम्मेदारों से शिकायत करने पर न मार्ग की समस्या दूर हो सकी न कोई निरीक्षण करने पहुंचा। ग्रामीणों का कहना है कि एक माह में समस्याओं का समाधान न हुआ तो आंदोलन किया जाएगा। प्रदर्शन करने वालों में से बलिस्टर गौतम, रामप्रकाश गौतम, लालजी कननैजिया, राजू, राजाराम, अरुण, अभिजीत कुमार आदि रहे। अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत सुभाषचंद भारतीय ने कहा कि रिपोर्ट लेकर इस मार्ग को प्रस्ताव में शामिल किया जाएगा।

## राष्ट्रीय राजमार्ग से दिनदहाड़े चोर उठा ले गए बोलेरो गाड़ी

**गोपीगंज।** कोतवाली क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग के ग्राम किसुनदेव पुर के पास से दिनदहाड़े चोर बोलेनों गाड़ी लेकर जब तक लोग समझते हुआ फरार।अभी तक पलक झपकते ही साइकिल , मोटरसाइकिल गायब होने की सूचना मिलती रही परंतु पलक झपकते ही फोर व्हीलर गाड़ी के गायब होने की सूचना मिली है।प्राप्त जानकारी के अनुसार बताया जाता है की राष्ट्रीय राजमार्ग के किसुनदेव पुर ग्राम के पूर्व प्रधान नंदलाल मौर्य सड़क पर अपनी गाड़ी नंबर यू पी 70 डी जे 4002 खड़ी कर बगल में एक नाई की दुकान पर सेविंग करा रहे थे। इसी बीच चोर गाड़ी को लेकर फरार हुआ। देखते ही देखते चोर आंखों से ओझल हो गया इसकी सूचना तत्काल 112 को दी गई।

# अन्न महोत्सव में कौधियारा ब्लाक में 64 नोडल अधिकारियों की तैनाती

अखंड भारत संदेश

**करछना।** तहसील के कौधियारा ब्लाक के गावों गुरुवर निः शुल्क खाद्यान्न वितरण किया जाायेग, इसको लेकर ब्लाक साधन केंद्र पीढ़ी में नोडल अधिकारी बैठक की गई। अध्यक्षताअतुल दत्त तिवारी खंड शिक्षा अधिकारी ने बताया कि 64 सहायक अध्यापक व शिक्षामित्र नोडल अधिकारी बनाए गए हैं । बृहस्पतिवार को अन्य महोत्सव का आयोजन किया गया है ।जिसमें टेलीविजन पर प्रधानमंत्री का संबोधन किया जाएगा इसमें समय से पहुंचकर खाद्यान्न वितरण भी कराएंजाया जाएगा ।



सप्लाई इंस्पेक्टर सुनील कुमार सिंह ने बताया कि आप लोगों को कम से कम 100 लोगों को वितरित कराया जाए गा इसमें आप लोगों का सही वितरण करा कर सत्यापन आप लोगों द्वारा वितरित सोशल डिस्टेंसिंग का स्टडीका भी पालनकराया जाए। मुख्य रूप से दुर्गेश मिश्रा इमदाद अहमद राजेश भगवानदीन संजय मिश्रा रेखा अनीता देवी संदीपा ममता आदि लोग मौजूद रहे।

## मुकदमा वापस ले लो नही तो तुम्हारे बेटे की तरह तुम्हे भी मार दूंगा जान से

अखंड भारत संदेश

**घूरपुर।** हत्या के केस में फंसे युवक जमानत पर जेल से वापस आने के बाद पीडि़त को मुकदमा वापस लेने के लिए जान से मारने की धमकी दे दी। जिससे पीडि़त के डरे सहमे परिजन थाने पहुंच शिकायती पत्र देकर गुहार लगाई है।

बगबना गांव निवासी प्रमोद कुमार शुक्ला पुत्र अमरनाथ के इकलौते बेटे पीयूष शुक्ला का वर्ष 2019 में इरादतगंज हवाई पट्टी के रास्ते मे रंजिशन गोलियों से छलनी कर हत्या कर दी गई थी। मामले में कई लोगों पर केस दर्ज. हुआ था। जिसमे जमानत पर आए हत्या के आरोपी चंपतपुर निवासी दुर्गेश सिंह ने अपने चचेरे भाई इकबाल सिंह के साथ बुधवार की दोपहर पीडि़त प्रमोद कुमार शुक्ला अपने निजी अप्पे लेकर घर जा रहे थे कि गांव के रास्ते में रोक उक्त दोनो ने धमकी दी कि मुकदमा वापस ले लो अन्यथा तुम्हारे बेटे की तरह तुम्हें भी जान से मार दूंगा। धमकी से परिजन सकते मे आ गए। और थाने पहुंच उक्त दोनों युवकों को नामजद करते शिकायती पत्र देकर जानमाल की गुहार लगाई है। मामले में पुलिस जांच पड़ताल कर रही है।

## मेड़ काटने को लेकर हुए विवाद में चले लाठी डंडे, एक दर्जन के खिलाफ केस दर्ज

अखंड भारत संदेश

**घूरपुर।** थाना क्षेत्र के लेउदी गांव में मंगलवार की रात मेड़ काटने को लेकर दो पक्षों में लाठी डंडे चल गए । जिसमें आधा दर्जन घायल हो गए । दोनो पक्षों ने घूरपुर थाने पहुंचकर एक दूसरे के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत की जिसमें पुलिस ने दोनों पक्षों के एक दर्जन के खिलाफ केस दर्ज कर चालान कर दिया।

घूरपुर थाना क्षेत्र के लेउदी गांव में मंगलवार की रात रामललक यादव के खेत के मेड़ को काटकर विपक्षी रामजीत पक्ष के लोग काटकर पानी निकाल रहे थे ।रामललक पक्ष ने माना किया तो विपक्षी मारपीट पर आमादा हो गए । इस बीच दोनो पक्षो में लाठी डंडे चलने लगे ।जिसमें रामललक पक्ष के खुद रामललक ,सत्येंद्र, शुभम,गुलाब ,वीरेंद्र सहित कई घायल हो गए तो दूसरे पक्ष से रामजीत, कुलदीप, संदीप आदि घायल हो गए ।पुलिस ने सभी का उपचार करा ।दोनों पक्षों के बारह लोगों के खिलाफ शांति भंग की धारा में केस दर्ज कर जेल भेज दिया।

## श्री पुरूषोत्तम सिंह इंटर कॉलेज के छात्रों का उत्कृष्ट रहा प्रदर्शन



अखंड भारत संदेश

**घूरपुर।** क्षेत्र के चकपूरे रही खुर्द स्थित श्री पुरूषोत्तम सिंह इंटर कॉलेज के दसवीं व इंटर का परिणाम शत प्रतिशत के साथ ही दर्जनों छात्रों का उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा। इंटर के रागिनी, राहुल, अनूप, प्रकाश, यमन, अंकित, सूरज, प्रियम, शुभम, रोशनी, विपिन और हाई स्कूल में पवन यादव, प्राची, शिवा, आदर्श, विशाल, संगम, आर्य देवमन, अमन, पवन का उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा। प्रधानाचार्य महेश कुमार सिंह व प्रबन्धक फूल चंद्र सिंह ने छात्रों को शुभकानाएं दी।




## प्राथमिक विद्यालय करमा मे बच्चों का दाखिला नहीं करने पर नोकझोक, अभिभावकों में रोष

### विभाग के उच्च अधिकारियों सहित जिलाधिकारी से अभिभावक करेंगे शिक़ायत

अखंड भारत संदेश

**घूरपुर।** करमा बाजार स्थित प्राइमरी विद्यालय में बच्चों का दाखिला ना करने पर प्रधानाचार्य और अभिभावकों में जमकर नोकाझोक हुआ। प्रधान भी पहुंचे लेकिन उनकी भी नहीं सुनी गई। जिससे अभिभावकों मे प्रधानाचार्य के प्रति लोगों में रोष है।

बुधवार के दिन कई अभिभावक अपने बच्चों को लेकर एडमिशन कराने प्राथमिक विद्यालय करमा पहुंचे तो प्रिंसिपल रागिनी जायसवाल ने बच्चों का दाखिला लेने से किया मना कर दिया । बच्चों के अभिभावकों व प्रधानाचार्य से खूब तू तू मैं मैं हुई। प्रधानाचार्य का कहना था कि बच्चों का एडमिशन नहीं हो सकता इनके पास टीसी नहीं है। बच्चों के माता पिता ने बताया की बच्चे पढ़ाई नहीं करते तो टीसी कहां से लाएं। इसके बाद भी प्रधानाचार्य ने दाखिला लेने से इनकार कर दिया। अभिभावकों ने ग्राम प्रधान मिथलेश जायसवाल से गुहार लगाई। जिसके बाद प्रधान प्रतिनिधि अमरीश जायसवाल व बीडीसी मोहम्मद सलमान स्कूल पहुंचे इसके बाद भी प्रधानाचार्य एक भी नहीं सुनी। इसके बाद और लोगों में गुस्सा देखा गया। इस बात को लेकर अभिभावकों में प्रधानाचार्य के प्रति काफी रोष व्याप्त है। और अभिभावकों ने विभाग के उच्च अधिकारियों सहित जिलाधिकारी से शिक़ायत कर कार्रवाई की बात कही है। इस मौके पर नूर ए आलम, अंसार अहमद , डॉक्टर मुनन, जान मोहम्मद, हाफिज नूर मोहम्मद , सलमान अंसारी आदि मौजूद रहे।

## नेदुला बाजार में करंट लगने से मेडिकल स्टोर संचालक की मौत

**प्रतापपुर।** सरायममरेज थानांतर्गत सोरों गाँव निवासी राहुल मौर्य 33 वर्ष अपने घर से दो किलोमीटर दूर जंघई बरुणा मार्ग पर स्थित नेदुला बाजार में मेडिकल स्टोर चलाते थे।मंगलवार देर रात में बिजली कटने से पंखे को बैटरी से जोड़ रहे थे कि अचानक बिजली पुनः आ गई। जिसके कारण राहुल बिजली की चपेट में आ गया चीख सुनकर उसकी पतनी प्रिया बचाने पहुंची और झाडू से छुड़ाने का प्रयास भी किया लेकिन छुड़ाने में कामयाब नहीं हो पाई जिसके कारण राहुल की मौत हो गई सूचना पर सरायममरेज इंस्पेक्टर भरत कुमार एवं चौकी इंचार्ज जंघई अजीत उपाध्याय मौके पर पहुंचे और शव का पंचनामा करके शव को पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

## बंद पड़े मकान में सेंध तोड़कर चोरी

**प्रतापपुर।** सरायममरेज थानांतर्गत ग्राम सभा चनेथू डूहिया में रघुनाथ मिश्रा के नौ महिने से बंद घर में चोरों ने सेंध तोड़कर घर में रखा आलमारी, बक्सा, कपड़े, बरतन आदि गृहस्थी का सब सामान चोरी कर ले गए। रघुनाथ मिश्रा के परिजन मुंबई एवं सूरत में रहते हैं यहाँ कोई नहीं रहता इसका फायदा उठाते हुए चोरों ने घर में चोरी कर लिया सूचना पर डायल 100 पहुंची और मौके का मुआयना करके चली गई।

# करेंट से किसान की मौत पर कोहराम, सोते समय हुआ दर्दनाक हादसा

अखंड भारत संदेश

**शंकरगढ़/प्रयागराज।** करेंट की चपेट में आने से एक युवा किसान की मौत हो गई। यह दर्दनाक हादसा मंगलवार की रात का है। हादसे की जानकारी परिजनों को बुधवार की सुबह, तब हुई, जब परिजन उसे जगाने के लिए पहुंचे तो चारपाई पर उसका निर्जीव शरीर पड़ा था। इस हादसे की सूचना मिलने पर मुकामी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर चीरघर भेजा। युवक की मौत से पूरे घर में कोहराम मचा हुआ है।



यह घटना शंकरगढ़ थाना क्षेत्र के छतरगढ़ गांव की है। जानकारी के मुताबिक छतरगढ़ निवासी श्याम बिहारी (23) घर पर रहकर खेती-किसानी कर परिवार की आजीविका चलाता था। बताया जाता है कि बीती रात वह बरामदे में चारपाई डालकर सोया हुआ था। गर्मी से राहत पाने के लिए उसने एक फर्राटा पंखा पैर की तरफ लगा रखा था। रात में सोते समय पंखे में उतरे करंट की चपेट में आने से श्याम बिहारी की मौत हो गई।इस हादसे कीजानकारी परिजनों को सुबह हुई। काफी देर तक श्याम बिहारी के नहीं उठने पर परिजन उसे जगाने पहुंच गए तो उसका शरीर निर्जीव हो चुका था।

जानकारी होते ही घर में कोहराम मच गया। पतनी गुडिय़ा का रो-रोकर बुरा हाल है। श्याम बिहारी को सालभर पहले ही एक बेटी हुई थी। इस हादसे की जानकारी मिलने पर नारीबारी चौकी इंचार्ज मनीष कुमार त्रिपाठी मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का मुआयना कर शव को कब्जे में लेकर चीरघर भेजा। चौकी प्रभारी मनीष कुमार त्रिपाठी ने बताया कि पंखे में करंट उतरता है, इसकी जानकारी घरवालों को नहीं थी। इसी वजह से यह हादसा हुआ है। फिलहाल घर के कमाऊ सदस्य की मौत से पूरे परिवार में कोहराम मचा हुआ है।



## ग्राम सभा की जमीन पर अवैध निर्माण को राजस्व टीम ने रुकवाया

अखंड भारत संदेश

**घूरपुर।** क्षेत्र के ग्राम सभा पंवर में शिक़ायत पर अवैध निर्माण को राजस्व टीम पहुंचकर रुकवा दिया। पंवर गांव में कुछ लोग ग्राम सभा की ज़मीन पर कब्जा जमा अवैध निर्माण करा रहे थे। तहसील करछना मे शिक़ायत के बाद उप जिलाधिकारी के आदेश पर हल्का लेखपाल अशोक पांडेय ने पहुंच रूकवाया और कहा कि अवैध निर्माण करने वाले लोगों पर मुकदमा भी दर्ज कराया जाएगा।

## सम्पादकीय

### अब चीन का इम्तहान

चीन ने बीते एक साल में बार-बार दावा किया है कि उसकी शासन व्यवस्था के केंद्र में आम जन के हित है, इसलिए उसने फुर्ती से कदम उठा कर अपनी आबादी को बड़ी महामारी की तबाही से बचा लिया। जबकि पूंजीवादी दुनिया ऐसा करने में विफल रही। लेकिन अब चीन का ये दावा कसौटी पर है। कोरोना वायरस महामारी की शुरुआत चीन में हुई। लेकिन तब चीन ने जल्द ही उस पर काबू पा लिया। कुछ महीनों के अंदर वह अपने देश में आम जीवन शुरू करने में सफल रहा। उस कारण बीते साल चीन अकेला बड़ा देश रहा, जिसकी अर्थव्यवस्था ने काबिल-ए-गौर वृद्धि दर हासिल की। चीन ने अपनी इस कामयाबी और अमेरिका की नाकामी को व्यवस्थाओं के संघर्ष में अपने मॉडल की श्रेष्ठता के रूप में पेश किया। उसने बार-बार दावा किया कि उसकी शासन व्यवस्था के केंद्र में आम जन के हित है, इसलिए उसने फुर्ती से कदम उठा कर अपनी आबादी को बड़ी तबाही से बचा लिया। जबकि पूंजीवादी दुनिया ऐसा करने में विफल रही। लेकिन अब चीन का ये दावा कसौटी पर है। कोरोना वायरस के डेल्टा वैरिएंट का कहर चीन पर टूट चुका है। खुद चीनी मीडिया में इसको लेकर शक जताया गया है कि पिछले साल जिन सख्त निवारक उपायों को अपनाया गया था, वे इस बार कामयाब होंगे।

चीन सरकार स्वीकार कर चुकी है कि पिछले साल वुहान शहर में महामारी की शुरुआत होने के बाद की सबसे गंभीर चुनौती अब खड़ी हुई है। ऐसा इसके बावजूद हुआ है कि चीन में आबादी के ज्यादातर हिस्से को कोरोना वैक्सीन लगाया जा चुका है। उसके बावजूद जुलाई में चीन में घरेलू स्रोत से संक्रमित हुए 320 मामले सामने आए। नए संक्रमण के मामले देश के 18 राज्यों में सामने आ चुके हैं। कई इलाकों को उच्च खतरे वाला या मध्यम खतरे वाला घोषित किया गया है। अधिकारी इस बारे में अनभिज्ञता जता रहे हैं कि क्या संक्रमण छोटे शहरों तक फैल चुका है। तो स्थिति यह है कि अगर जल्द हालात पर काबू नहीं पाया गया, तो देश को महामारी का खतरनाक नजारा देखना पड़ सकता है। विशेषज्ञों के मुताबिक महामारी अभी अपने शुरुआती दौर में है। सरकार को भरोसा है कि वह अपने प्रयास पूर्व अनुभव और जन चेतना बढ़ाने के भरोसे मौजूदा महामारी पर काबू पा लेगी। लेकिन सवाल है कि ऐसा कितनी कीमत चुकाने के बाद होता है। अगर ये कीमत ज्यादा रही, तो फिर चीन ने बीते एक साल में जो दावे किए हैं, उन्हें संदिग्ध माना जाएगा। मानव विपदा में कोई नहीं चाहता कि कहीं भी बर्बादी हो। इसलिए दुनिया भी चीन में हालात में जल्द सुधार देखना चाहेगी। लेकिन सिस्टम की श्रेष्ठता के चीनी दावे का जरूर फिलहाल इम्तहान हो रहा है।

# विजयगाथा लिखने को बेताब बेटियां

**अनुराग सिंह ठाकुर**

बेटी पढ़ाओ, बेटी बचाओ अभियान के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने समाज में महिलाओं को सम्मान देने का एक अभिनव प्रयास किया। इसे दुर्भाग्य कहिए या दूरदर्शिता का अभाव कि वर्षों से बेटियों को समाज में उनका उचित स्थान नहीं दिया गया था। कई बेटियों के लिए तो शिक्षा जैसी बुनियादी सुविधाएं भी पहुंच से बाहर थीं। धीरे-धीरे बदलाव आया। माता-पिता ने बेटियों को पढ? और खेलने के लिए प्रोत्साहित किया। आज वह हर क्षेत्र में सफलता की गाथा लिख रही हैं और दूसरों को प्रेरणा प्रदान कर रही हैं। एक राष्ट्र के रूप में, हमें अपनी बहनों और बेटियों द्वारा सभी क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर गर्व है। आज लड़कियां समाज के हर क्षेत्र और पहलू को प्रभावित कर अपनी छाप छोड़ रही हैं। फिर वे खेलों में कैसे पीछे रह सकती हैं?

जब मैं लड़कियों को खेल के लिए प्रोत्साहित करने वाले अभियान को देखता हूं तो मुझे इस बात से खुशी मिलती है कि यह अभियान देश की उपलब्धियां बढ़ाने में भी कारगर साबित हो रहा है। बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ के साथ-साथ इसका विस्तार बेटी खिलाओ तक करना होगा। भारत के पास 1951 के एशियाई खेलों की मैरी डिसूजा से लेकर पीटी ऊषा और साक्षी मलिक तक महिला खिलाडियों का इतिहास है, जो पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलकर आगे बढ़ रही हैं। महिला खिलाडियों ने जो पहचान हासिल की है, वह निरंतर हो रही प्रगति का एक अहम प्रतीक और संकेत है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की खेलों के प्रति व्यक्तिगत रुचि से, जमीनी स्तर पर प्रतिभाओं को तराशने की प्रक्रिया की गति ने तेजी पकड़ी है। उनका हमेशा से मानना रहा है कि लड़कियों को नए मापदंड स्थापित करने की आवश्यकता है, जिससे अन्य महिलाओं को खेलों में बढ़ावा देने के लक्ष्य को हासिल करने से कोई नहीं रोक पाएगा। खेलो इंडिया अभियान ने एक लंबा सफर तय कर महिलाओं को प्रतिस्पर्धा के लिए बेहतर मंच उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया है, जो न केवल पुरुषों की बराबरी का है, अपितु कुछ पहलुओं में बेहतर भी है। विशेष रूप से ग्रामीण इलाकों की लड़कियों को खेलों में अपनी पहचान बनाने के लिए कड़ी मेहनत करते देख मुझे प्रसनन्ता होती है। मुक्केबाजी और कुश्ती अब सिर्फ पुरुषों के खेल नहीं हैं। इन खेलों में महिलाओं ने भी अपना दबदबा कायम करना शुरू कर दिया है। मेरी कोम और साक्षी मलिक ने ओलिंपिक में जो कीत हासिल की, वह राष्ट्रीय गौरव की बात है। उन्होंने बेटी पढ़ाओ, बेटी बचाओ अभियान को भी दिशा दी है। महिलाओं को खेल में समर्थन मिलने से समाज में बड़े बदलाव देखने को मिले, जिससे हर प्रकार के पूर्वाग्रह खत्म हो गए।

स्प्रिंटर दती चंद की सफलता की कहानी कड़ी मेहनत के महत्व को दर्शाती है। उनमें सफल होने का दृढ़निश्चय था और वह कभी अपने लक्ष्य के पथ से नहीं भटकीं। वह एथलेटिक्स में एक प्रेरणा बनकर उभरी हैं। उनके जैसा संकल्प रखने वाले खिलाडियों के लिए कोई सीमा नहीं है। सारा आकाश उनका है। इसी तरह हमारी महिला हाकी टीम ने जो सफलता हासिल की है, वह एक मिसाल है। उनके बेहतर प्रदर्शन का एक कारण यह भी है कि टीम की सदस्य अब जानती हैं कि मैदान पर अच्छा प्रदर्शन उनके लिए एक सुरक्षित भविष्य सुनिश्चित करेगा। मैं रानी रामपाल के खेल को काफी समय से देख रहा हूं। इस आधार पर मुझे



यह कहना होगा कि उनका करियर हम सभी के लिए एक मिसाल है। इस बार टोक्यो ओलंपिक में अन्य अनेक खिलाडियों के साथ निशानेबाजों से भी बहुत उम्मीद है, खासकर मनु भाकर से, जिन्होंने कम समय में ही बहुत कुछ हासिल कर लिया है।

हम पीवी सिंधु, साइना नेहवाल और सानिया मिर्जा की उपलब्धियां तो जानते ही हैं और भारत का गौरव बढ़ाने के लिए उनके आभारी हैं। इन्होंने न केवल अपने लिए नाम बनाया, बल्कि बड़ी प्रतियोगिताओं में पदक जीतकर अपने-अपने खेलों को भी लोकप्रिय बनाया। जब प्रधानमंत्री ओलिंपिक जा रहे खिलाडियों को संबोधित कर रहे थे तो उस दौरान महिलाओं की खेलों में भागीदारी बढ़ाने के लिए प्रधानमंत्री ने उनका विशेष आभार व्यक्त किया। मेरी कोम के धैर्य पर मैं भी अचंभित हूं। मातृत्व की शक्ति ने उन्हें बाक्सिंग रिंग में और एकाग्र बना दिया है। वह बॉक्सिंग की एक महान खिलाड़ी हैं, जो देश का नाम रोशन करने के लिए बॉक्सिंग रिंग में डटी रहती हैं। मेरी कोम का यह धैर्य और समर्पण एक मिसाल हैं। एक और उदाहरण मीराबाई चानू हैं जो वेटलिफ्टिंग के प्रति पूरी तरह समपत हैं। चोट से लड़कर जीतने की मीराबाई की क्षमता भी सराहनीय है। मीराबाई एक अनुशासित खिलाड़ी हैं और मुझे पूरा यकीन है कि वह इस बार ओलिंपिक में अवश्य अच्छा प्रदर्शन करेंगी। लड़कियां बाक्सिंग, कुश्ती, सेलिंग और शूटिंग में बड़ा प्रभाव डाल रही हैं। यह उनकी बहुमुखी प्रतिभा और दृढ़संकल्प का एक नतीजा है।

खेलो इंडिया कार्यक्रम अब देश के कोने-कोने तक पहुंच गया है और अधिकतर खिलाड़ी भारतीय खेल प्राधिकरण की योजनाओं से लाभान्वित हो रहे हैं। मुझे विश्वास है कि यह ओलिंपिक पुरुष खिलाडियों के साथ-साथ महिला खिलाडियों को देश के प्रतीक के रूप में स्थापित करेगा। सरकार की ओर से मैं उन्हें हरसंभव समर्थन का भरोसा देता हूं। कोविड के समय सबसे बड़ी चुनौती खिलाडियों को ओलिंपिक के लिए तैयार करने की रही। इस दौरान हमारे खिलाडियों द्वारा हर चुनौती का मुकाबला पूरी मुस्तैदी के साथ करते देखना सुखद रहा। उम्मीद है कि हमारे सभी खिलाड़ी टोक्यो ओलंपिक में अभूतपूर्व सफलता हासिल करेंग और इनमें महिला खिलाड़ी भी होंगी। मैं देश के सभी खिलाडियों को शुभकामनाएं देता हूं और उनके सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की कामना करता हूं।

# फिर खतरा बनता अफगानिस्तान

**संजय गुप्त**

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के सत्ता संभालते ही यह बात स्पष्ट होने लगी थी कि अमेरिका अफगानिस्तान से जल्द ही अपनी सेनाओं को वापस बुला लेगा। आखिरकार ऐसा ही हुआ। कुछ समय पहले बाइडन ने अचानक यह घोषणा कर दी कि 31 अगस्त तक अमेरिकी सेनाएं अफगानिस्तान से अपने साजो-सामान के साथ लौट आएंगी। इस घोषणा के साथ ही तालिबान ने अपनी सैन्य सक्रियता और बढ़ा दी। वह अमेरिका के साथ हुए समझौते को दरकिनार कर अफगानिस्तान के ज्यादा से ज्यादा इलाके पर कब्जा करना चाह रहा है। वह सीमांत इलाकों को खास तौर पर कब्जाने की कोशिश कर रहा है, ताकि अफगानिस्तान सरकार को कमजोर किया जा सके। वह बड़े शहरों पर भी कब्जा करने की फिराक में है। इसी सिलसिले में उसने कंधार की घेरेबंदी शुरू की और पिछले दिनों पाकिस्तान से लगते स्पिन बोल्डाक इलाके पर कब्जा करने की कोशिश की। यह वही इलाका है, जहां तालिबान ने भारतीय फोटो पत्रकार दानिश सिद्दीकी की बर्बरता से हत्या की। उनकी हत्या इसीलिए की गई, क्योंकि वह भारतीय थे। इससे यही पता चलता है कि तालिबान भारत से घृणा करते हैं। तालिबान की लड़ाई आसान बनाने के लिए पाकिस्तान से लश्कर और जैश के लड़ाके भी अफगानिस्तान पहुंच गए हैं। जब अमेरिका की बची-खुची सेनाएं अफगानिस्तान से लौटने की तैयारी कर रही हैं, तब अमेरिका ने यह भी घोषणा की कि वह इराक से भी एक साल के अंदर अपनी सेनाओं को वापस बुलाएगा। अमेरिका ने दो दशक पहले अफगानिस्तान और पश्चिम एशिया से आतंक को समाप्त करने के लिए यहां अपने कदम रखे थे, लेकिन वह ऐसा किए बगैर ही



अपनी सेनाओं को वापस बुला रहा है। अफगानिस्तान और इराक से सेनाएं लौटाने का डेमोक्रेटिक पार्टी का फैसला अमेरिकी नागरिकों की इस सोच पर आधारित है कि आखिर उनके अपने लोग दूसरे देशों में अपनी जान क्यों गंवाएं? अमेरिका अब इस नीति पर पहुंच रहा है कि जिन देशों में आतंकी संगठन सक्रिय हैं और वे अमेरिकी हितों के लिए खतरा बन सकते हैं, वहां की जमीन पर अपने सैनिकों को उतारने से बचा जाए। इसके बजाय वह ड्रोन या हवाई हमलों से आतंकियों को निशाना बनाने का काम करेगा। इन दिनों वह यही काम अफगानिस्तान में तालिबान के खिलाफ कर रहा है। फिलहाल यह कहना कठिन है कि अमेरिका के हवाई हमले तालिबान को कितना नुकसान पहुंचा रहे हैं, क्योंकि वे अपने कदम पीछे खींचते अथवा उस समझौते का पालन करते नहीं दिखते, जो अमेरिका के साथ हुआ था।अफगानिस्तान छोड? के अमेरिका के फैसले से भारत का चिंतित होना स्वाभाविक है, क्योंकि वहां उन तालिबान के काबिज होने की आशंका उभर आई है, जो न केवल किस्म-किस्म के आतंकी संगठनों को पनाह देते हैं, बल्कि पाकिस्तान के पिट्ठू हैं। तालिबान के खतरनाक इरादों से अफगानिस्तान में भारतीय हितों के लिए गंभीर खतरा पैदा होने के साथ ही इसकी भी आशंका बढ़ गई है कि पाकिस्तान तालिबान की मदद से कश्मीर में आतंकवाद बढ़ाने का काम कर सकता है। भारत अफगानिस्तान के निर्माण में जुटा हुआ था। उसने इस देश में स्कूल, सड़कें, संसद भवन समेत बुनियादी ढांचा खड़ा करने का एक बड़ा काम किया है। वह अफगानिस्तान को एक लोकतांत्रिक देश के रूप में स्थापित करने के लिए हर संभव मदद दे रहा था। तालिबान अफगानिस्तान के साथ-साथ मध्य एशिया के देशों और भारत के लिए भी एक गंभीर चुनौती है। इस चुनौती के बीच अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन भारत आए और उनसे भारतीय नेताओं की अफगानिस्तान पर व्यापक बातचीत हुई। उनके बाद अमेरिकी सेना प्रमुख भी भारत यात्रा पर आए। अफगानिस्तान को लेकर भारत और अमेरिका के बीच चर्चा इसलिए जरूरी है, क्योंकि जिस समय अमेरिकी विदेश मंत्री भारत में थे, उसी समय चीनी विदेश मंत्री तालिबान नेताओं को चीन बुलाकर बातचीत कर रहे थे। चीन ने तालिबान नेताओं की जिस तरह आवभगत की, उससे अमेरिका और भारत की चिंता बढ़ी है। यह अंदेशा गहरा रहा है कि चीन और पाकिस्तान मिलकर अफगानिस्तान को अपने हिसाब से चलाने की कोशिश करेंगे। अफगानिस्तान में अमेरिका की नाकामी पर हैरानी नहीं। वह वहां इसीलिए नाकाम हुआ, क्योंकि उसने तालिबान को संरक्षण देने वाले पाकिस्तान पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की। इसके पहले रूस भी अफगानिस्तान में नाकाम हो चुका है। जब रूसी सेनाएं अफगानिस्तान में थीं, तब अमेरिका ने मुजाहिदीन तैयार कर उन्हें हथियार दिए। बाद में उनका स्थान तालिबान ने ले लिया। इन्हें पाकिस्तान ने प्रशिक्षित किया और अमेरिका ने भी उनकी सहायता की। तब शायद अमेरिका को यह पता नहीं था कि जिस तालिबान की वह मदद कर रहा है, वही उसके सीने में खंजर घोप देगा। तालिबान ने उस अलकायदा को पाला-पोसा, जिसने 9-11 हमले को अंजाम दिया। तालिबान और अलकायदा जितना खतरनाक इस्लामिक स्टेट भी है, जिसने सीरिया और इराक में सिर उठाया। यह आतंकी संगठन भी अमेरिकी की गलत नीतियों से उभरा। ऐसे ही आतंकी संगठन लीबिया में भी उभरे। यह अंदेशा है कि अफगानिस्तान में तालिबान के काबिज होने से कोई नया आतंकी संगठन उभर सकता है, क्योंकि यह साफ दिख रहा कि वह अलकायदा और इस्लामिक स्टेट जैसे आतंकी संगठनों को अपना समर्थन देना जारी रखेगा। यह भी तय है कि पाकिस्तान तालिबान का पूरा साथ देगा।पाकिस्तान भले ही यह कह रहा हो कि वह तालिबान का प्रवक्ता नहीं, लेकिन सच यही है कि वह उसे हर तरह का सहयोग और समर्थन दे रहा है। इसका पता पाकिस्तानी प्रधानमंत्री इमरान खान के इस बयान से चलता है कि तालिबान कोई सैन्य संगठन नहीं, वे सामान्य नागरिक हैं। पाकिस्तान ने हमेशा भारत के प्रति शत्रुवत रवैया अपनाया है। वह आज भी कश्मीर को हथियाने का सपना पाले हुए है। चूंकि वह आमने-सामने के युद्ध में भारत से नहीं जीत सकता, इसलिए वह कश्मीर में छद्म युद्ध छेड़े हुए है। इस छद्म युद्ध में वह तालिबान की भी सहायता ले सकता है।

# पहाड़ों से छेड़छाड़ के घातक नतीजे

**पंकज चतुर्वेदी**

बरसात के मौसम में पहाड़ी इलाकों में भूस्खलन जनित घटनाएं बहुत आम होती जा रही हैं। पिछले दिनों महाराष्ट्र के कई गांवों में बरसात तबाही लेकर आई। पहाड़ों की गोद में बसे कई गांव देखते ही देखते नजरों से लुप्त हो गए। महाराष्ट्र के रायगढ़ के महाड़ में पहाड़ खिसका और बस्ती मलबे में बह गई। रतनगिरी के पोसरे बोद्धवाड़ी में भी तबाही हुई। राज्य के करजात, दाभोल, लोनावला आदि में पहाड़ सरकने से खूब नुकसान हुआ। उत्तराखंड के चमोली में पहाड़ के मलबे ने कई गांवों को बर्बाद कर दिया। हिमाचल प्रदेश, कश्मीर और सिलीगुड़ी से भी ऐसी ही खबरे हैं कि पहाड़ों का सीना काटकर जो सड़कें बनाई गई थीं, अब वहां बरसात के बाद मलबा बिछ गया है। ऐसी घटनाएं अभी बारिश के तीन महीनों में खूब सुनाई देंगी। जब कहीं मौत होगी तो कुछ मुआवजा बांटा जाएगा, लेकिन तबाही के असल कारणों को कुछ लोग जानबूझकर नजरअंदाज कर रहे हैं। सुना है कि महाराष्ट्र सरकार अब पहाड़ के तले बसे गांवों को अन्यत्र बसाने की तैयारी कर रही है।

पहाड़ खिसकने के पीछे असल कारण उस बेजान खडी संरचना के प्रति बेपरवाही ही होती है। पहाड़ खिसकने की त्रासदी का सबसे खौफनाक मंजर अभी कुछ साल पहले उत्तराखंड में केदारनाथ यात्रा के मार्ग पर देखा गया था। देश में पर्यावरण संरक्षण के लिए जंगल, पानी बचाने की तो कई मुहिम चल रही हैं, लेकिन मानव जीवन के विकास की कहानी के आधार रहे पहाड़-पठारों के नैसगक स्वरूप को उजाड? पर कम ही विमर्श हो रहा है। समाज और सरकार के लिए पहाड़ अब जमीन या धनार्जन का माध्यम बनकर रह गए हैं और पहाड़ अपने और समाज को सहेजने के लिए संघर्ष कर रहे हैं।

हजारों-हजार साल में गांव-शहर बसने का मूल आधार वहां पानी की उपलब्धता होता था। पहले नदियों के किनारे सभ्यता आई, फिर ताल-तलैयों के तट पर बस्तियां बसने लगीं। किसी भी आंचलिक गांव को देखें, जहां नदी का तट नहीं है, वहां कुछ पहाड़ और पहाड़ के निचले हिस्से में झील तथा उसे घेरकर बसी बस्तियों का ही भूगोल दिखेगा। वहां के समाज ने पहाड़ के किनारे बारिश की हर बूंद को सहेजने तथा पहाड़ पर नमी को बचाकर रखने की तकनीक सीख ली थी। हरे-भरे पहाड़, खूब घने जंगल वाले पहाड़ जिन पर जड़ी-बूटियां, पक्षी और जानवर होते थे। जब कभी पानी बरसता तो पानी को अपने में समेटने का काम वहां की हरियाली करती, फिर बचा पानी नीचे तालाबों में जुट जाता। भरी गर्मी में भी वहां की शाम ठंडी होती और कम बारिश होने पर भी तालाब लबालब।

बीते चार दशकों में तालाबों की जो दुर्गति हुई सो हुई, पहाड़ों पर



हरियाली उजाड़ कर झोपड़-झुग्गी उगा दी गई। नंगे पहाड़ पर जब पानी गिरता है तो सारी पहाडी काट देता है। अब तो पहाड़ों में पक्की सड़कें भी बनाई जा रही हैं। पहाड़ को एक बेकार-बेजान संरचना समझकर खोदा जा रहा है, लेकिन यह ध्यान नहीं दिया जा रहा है कि नष्ट किए गए पहाड़ के साथ उससे जुड़ा पूरा पर्यावरणीय तंत्र ध्वस्त होता है। अब गुजरात से देश की राजधानी को जोड? वाली 692 किलोमीटर लंबी अरावली पर्वतमाला को ही लें। अदालतें बार-बार चेतावनी दे रही हैं कि पहाड़ों से छेड़छाड़ मत करो, लेकिन बिल्डर लॉबी सब पर भारी है। कभी सदानीरा कहलाने वाले इस इलाके में पानी का संकट खड़ा हो गया है। सतपुड़ा, पश्चिमी घाट, हिमालय, कोई भी पर्वतमालाएं लें, खनन ने पर्यावरण को सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचाया है। रेल मार्ग या हाईवे बनाने के लिए पहाड़ों को मनमाने तरीके से बारूद से उड़ाने वाले इंजीनियर इस तथ्य को नजरअंदाज कर देते हैं कि पहाड़ स्थानीय पर्यावास, समाज, अर्थव्यवस्था, आस्था और विश्वास का प्रतीक होते हैं। पारंपरिक समाज भले ही इतनी तकनीक न जानता हो, लेकिन इंजीनियर तो जानते हैं कि धरती के दो भाग जब एक-दूसरे की तरफ बढ़ते हैं या सिकुड़ते हैं तो उनके बीच का हिस्सा संकुचित होकर ऊपर की ओर उठकर पहाड़ की शक्ल लेता है। जाहिर है कि इस तरह की संरचना से छेड़छाड़ के भूगर्भीय दुष्परिणाम उस इलाके के कई-कई किलोमीटर दूर तक हो सकते हैं। पुणे जिले के मालिण गांव से कुछ ही दूरी पर एक बांध है। उसके निर्माण में वहां की पहाडियों पर बारूद का खूब इस्तेमाल हुआ। जुलाई 2014 को यह गांव पहाड़ लुढ़कने से पूरा तबाह हो गया। यह जांच का विषय है कि इलाके के पहाड़ों पर हुई तोडफ़ोड़ का इस भूस्खलन से कहीं कुछ लेना-देना था या नहीं?

किसी पहाड़ी की तोडफ़ोड़ से इलाके के भूजल स्तर पर असर पड?, कुछ झीलों का पानी पाताल में चले जाने की घटनाएं तो होती ही रहती हैं। यदि गंभीरता से देखें तो मनुष्य के लिए फिलहाल पहाड़ों का छिनन्-भिनन् होता पारिस्थितिकी तंत्र चिंता का विषय ही नहीं है। इसका विमर्श कभी पाठ्य पुस्तकों में होता ही नहीं है। आज हिमालय के ग्लेशियर और वहां के पर्यावरण को बचाने के लिए तो सरकार सक्रिय हो गई है, लेकिन देश में हर साल बढ़ते बाढ़ और सुखाड़ वाले इलाकों में पहाड़ों से छेड़छाड़ पर कहीं गंभीरता नहीं दिखती। पहाड़ नदियों के उद्गम स्थल हैं। पहाड़ नदियों का मार्ग हैं। पहाड़ों पर हरियाली न होने से वहां की मिट्टी तेजी से कटती है और नीचे आकर नदी-तालाब में गाद के तौर पर जमा होकर उसे उथला बना देती है। पहाड़ पर हरियाली बादलों को बरसने का न्योता होती है। पहाड़ अपने करीब की बस्ती के तापमान को नियंत्रित करते हैं। वे मवेशियों के चरागाह होते हैं। पहाड़ गांव-कस्बे की पहचान हुआ करते हैं। बहुत कुछ कहा जा सकता है इन मौन खड़े छोटे-बड़े पहाड़ों के लिए, लेकिन अब यह जरूरी है कि उनके प्राकृतिक स्वरूप को अक्षुण्ण रखने के लिए कुछ किया जाए।

# एक देश दो विधान वाले हालात

**प्रदीप सिंह**

क्या देश में दो विधान हैं? एक हिंदुओं के लिए और दूसरा बाकी पंथों को मानने वालों के लिए? यह सवाल देश की बहुसंख्यक आबादी के मन में बार बार उठता है। यह धारणा किसी नेता के कहने से नहीं अदालतों और सरकारों के समय-समय पर किए गए निणन्यों और कामों से बनती है। नेता उसके बाद आते हैं। ताजा संदर्भ देश की सर्वोच्च अदालत के रवैये का है। उत्तर प्रदेश में कांवड़ यात्रा पर एक रुख और केरल में बकरीद पर बाजार खोलने के केरल सरकार के फैसले को लेकर दूसरा रुख। ऐसा पहली बार नहीं हो रहा है। कोरोना महामारी का खतरा अभी टला नहीं है। अब तीसरी लहर की आशंका बढ़ती जा रही है। ऐसे में सरकार और अदालतें इस बात की चिंता करें कि ज्यादा लोग कहीं इकट्ठा न हों और कोविड प्रोटोकाल का पालन करें तो इसका स्वागत होना चाहिए। इसीलिए जब सुप्रीम कोर्ट ने उत्तर प्रदेश में हर साल सावन में होने वाली कांवड़ यात्रा की खबरों का स्वतः संज्ञान लिया तो अच्छा लगा कि शायद राज्य सरकार जो खतरा नहीं देख पा रही, वह अदालत ने देख लिया। कांवड़ यात्रा 25 जुलाई से शुरू होने वाली थी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कह चुके थे कि पूरे कोविड प्रोटोकाल के तहत यात्रा सीमित दायरे में होगी, पर सुप्रीम कोर्ट ने दस दिन पहले ही सरकार से कहा कि पुनवचार कीजिए नहीं तो हम रोक देंगे। कांवड़ यात्रा रुक गई। फिर केरल सरकार ने घोषणा की कि बकरीद के लिए लोग खरीदारी कर सकें, इसलिए 18 से 20 जुलाई तक दुकानें खुलेंगी। यह एकपक्षीय न लगे, इसलिए यह भी कहा कि इस बीच हिंदू सबरीमाला मंदिर जा सकते हैं।केरल में इस समय कोरोना के सबसे ज्यादा केस हैं। वहां संक्रमण की दर दस फीसदी है और उत्तर प्रदेश में दशमलव दो फीसदी। केरल में रोज दस हजार नए मामले आ रहे हैं और उत्तर प्रदेश में सौ भी नहीं। पूरे देश को उम्मीद थी कि बस अभी सुप्रीम कोर्ट स्वतः संज्ञान लेगा और केरल सरकार को रोकेगा। किसी ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की और सारे तथ्य रखे। सुप्रीम कोर्ट ने केरल सरकार से जवाब मांगा जो सोमवार देर रात आया। कहा गया कि व्यापारियों के दबाव में आदेश दिया। सवाल है कि फिर सबरीमाला में दर्शन की छूट क्यों दी? सुप्रीम कोर्ट ने 20 जुलाई को सरकार को लताड़ तो लगाई, पर आदेश रद नहीं किया, क्योंकि उसकी मियाद उसी दिन पूरी हो रही थी।

मकसद इस मुद्दे के कानूनी पहलुओं पर टिप्पणी करने का नहीं है। सवाल अलग-अलग रवैये से बनने वाली आम धारणा का है। कहते हैं न्याय होना ही नहीं चाहिए, होते हुए दिखना भी चाहिए। ऐसा बार-बार क्यों होता है कि अदालतें हिंदू त्योहारों के प्रति एक रवैया अपनाती हैं और दूसरे त्योहारों के प्रति दूसरा? इसी से लोगों के मन में सवाल उठता है कि क्या देश में दो विधान हैं। यदि नहीं तो फिर ऐसा क्यों होता है कि एक ही कानून की जो व्याख्या हिंदुओं के मामले में प्रस्तुत की जाती है, वह दूसरे पंथों के मामले में बदल जाती है? ऐसा लगता है कि कानून के व्याख्याकार भी अपने को सेक्युलर कहने वाले दलों की ही तरह सोचते हैं। ये दल और इनके नेता हिंदुओं के खिलाफ किसी भी हद तक जाने को तैयार रहते हैं। कभी भगवा आतंकवाद तो कभी सांप्रदायिक हिंसा विरोधी विधेयक के जरिये कहा जाता है कि दंगा होने पर हिंदू ही आरोपी होंगे और उन्हें ही साबित करना होगा कि वे निर्दोष हैं। क्या इन दलों को हिंदुओं के वोट की जरूरत नहीं? मुसलमान मतदाताओं को लुभाने के लिए क्या हिंदुओं का विरोध जरूरी है? पता नहीं पर हो तो ऐसा ही रहा है। नेता ऐसा क्यों करते हैं? अदालतें और सरकारें ऐसा क्यों करती हैं? उसकी वजह इन सबको अच्छी तरह से पता है। इस सच्चाई को जानकर ही राजनीतिक दल और नेता हिंदुओं को अपमानित भी करते हैं और वोट भी लेते हैं, क्योंकि हिंदू कभी हिंदू की तरह नहीं सोचता। वह अपनी धामक अस्मिता पर जातीय अस्मिता को वरीयता देता है। वह सामान्य तौर पर जातीय पहचान के अनुरूप ही आचरण करता है। हिंदुओं के मन में अपने धर्म के प्रति एक तरह की उदासीनता का भाव है। उन्हें जाति चले जाने का जैसा दर्द या डर होता है, वैसा धर्म के चले जाने से नहीं होता। जाति से लगाव है, धर्म सामाजिकता है। जाति से प्रेम करते हैं और धर्म का निर्वाह। मुसलमान इसके ठीक उलट है। उनके लिए धर्म पर खतरा अस्तित्व पर खतरा है। वह संगठन की शक्ति को पहचानता है।

इसलिए वह समाज, सरकार से लेकर न्यायालय तक ज्यादा प्रभावी है। इसलिए अदालत भी उनके बारे में किसी विषय पर विचार करते हुए यह तसल्ली कर लेना चाहती है कि इस मुद्दे पर शरिया या इस्लाम में क्या कहा गया है? संविधान की नजर में सारे नागरिक बराबर हैं, पर दोनों समुदायों के लिए उसी संविधान के प्रविधानों की व्याख्या अलग-अलग की जाती है। हिंदुओं के रीति-रिवाज पर्यावरण और लोगों की सुविधा- असुविधा की कसौटी पर कसे जाते हैं। बाकियों के रीति-रिवाज, त्योहार उनकी धामक मान्यताओं की कसौटी पर। यह इस देश का न्यू नार्मल हो गया है। हमने स्वीकार कर लिया है कि यही वास्तविकता है और इसे बदला नहीं जा सकता। देश की सर्वोच्च अदालत भी हिंदुओं के बारे में कोई फैसला देती है तो संविधान की नाक की सीध में चलती है। जैसे ही मुसलमानों का मामला आता है, जज साहबान कुर्सी पर कसमसाने लगते हैं कि इस फैसले का असर क्या होगा?भाजपा को हिंदुत्ववादी कहा जाता है। उसका मातृ संगठन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ भारतीय संस्कृति की बात करता है। हिंदू संस्कृति बोलने से बचता है। हिंदू या सनातन संस्कृति ही भारतीय संस्कृति है, यह कहना पोलिटिकली करेक्ट नहीं माना जाता। भाजपा को भी वोट हिंदू के नाम पर नहीं मिलता। उसे भी जातियों का गणित बिठाना पड़ता है। धर्म आत्मा है और राजनीति शरीर, यह बात जब तक सनातन धर्म को मानने वालों की समझ में नहीं आएगी तब तक पिटते और पिछड़ते रहेंगे।

# पीएम मोदी ने हॉकी टीम की कप्तान रानी रामपाल और कोच से की बात, बोले- हार और जीत जीवन का हिस्सा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय महिला हॉकी टीम का टोक्यो ओलंपिक में गोल्ड जीतने का सपना बुधवार को अर्जेंटीना ने तोड़ दिया। अर्जेंटीना ने सेमीफाइनल में भारत को 2-1 से मात दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हॉकी टीम को सेमीफाइनल में मिली हार के बाद भारतीय महिला हॉकी की कप्तान रानी रामपाल और कोच सोर्ड मारजेन से फोन पर बात की। पीएम मोदी ने ओलंपिक में शानदार प्रदर्शन करने के लिए टीम को बधाई दी। भारतीय महिला हॉकी टीम पहली बार ओलंपिक के इतिहास में सेमीफाइनल में पहुंची थी। सेमीफाइनल में हार के बावजूद



भारतीय महिला हॉकी ब्रॉन्ज मेडल के लिए उतरेगी।

पीएम मोदी ने उनसे बातचीत में कहा, 'महिला हॉकी टीम एथलीटों का एक स्किल से भरा ग्रुप है, जिसने काफी मेहनत की है और उन्हें आगे देखना चाहिए।' उन्होंने कहा कि जीत और हार जीवन का हिस्सा हैं और उन्हें निराश नहीं होना चाहिए। इससे पहले टीम की हार पर मोदी ने ट्वीट कर लिखा,' टोक्यो 2020 को हम जिन बातों के लिए याद रखेंगे उनमें से एक है हमारी हॉकी टीमों का शानदार प्रदर्शन। हमारी महिला हॉकी टीम ने धैर्य के साथ खेला और शानदार स्किल्स दिखाई। टीम पर गर्व है। आगे के खेल और भविष्य के लिए शुभकामनाएं।'

सेमीफाइनल मैच में दूसरे ही मिनट में पेनाल्टी कार्नर पर गुरजीत कौर के गोल से बढ़त बनाने के बावजूद भारतीय हॉकी टीम इसका लाभ नहीं उठा सकी। अर्जेंटीना की कप्तान ने पहले दूसरे क्वार्टर में मैच के 18वें मिनट में पेनाल्टी कार्नर पर बराबरी दिलाई। फिर तीसरे क्वार्टर में मैच के 36वें मिनट में उन्होंने स्कोर को 2-1 कर दिया।भारतीय महिला टीम का टोक्यो 2020 से पहले बेस्ट प्रदर्शन मॉस्को ओलंपिक 1980 में रहा था जब वह छह टीमों में चौथे स्थान पर रही थी। महिला हॉकी टीम ने उस साल ओलंपिक में डेब्यू किया था और मैच राउंड रोबिन आधार पर खेले गए थे। भारतीय महिला टीम ब्रॉन्ज मेडल के लिए रियो ओलंपिक खेल-2016 की स्वर्ण पदक विजेता ग्रेट ब्रिटेन के खिलाफ खेलेगी। नीदरलैंड्स ने पहले सेमीफाइनल में 5-1 से हराया।

# जैवलिन थ्रो के फाइनल में आमने-सामने होंगे भारत और पाकिस्तान के दो एथलीट

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** किसी भी खेल में जब भारत और पाकिस्तान की टीमें या खिलाड़ी आमने-सामने होते हैं तो दर्शकों की सांसे थम सी जाती हैं। चाहे वो क्रिकेट हो या हॉकी हर खेल में दोनों टीमों का पुराना इतिहास रहा है। चाहे वो क्रिकेट वर्ल्ड कप हो या फिर ओलंपिक खेलों में हॉकी हो, भारत और पाकिस्तान की भिड़ंत हमेशा से रोमांचक होती है। अब टोक्यो में भी ये भिड़ंत दर्शकों को रोमांचित करेगी। 4 जुलाई यानी बुधवार को ओलंपिक में एथलेटिक्स में भारत के नीरज चोपड़ा ने भाला फेंक में फाइनल के लिए क्वालिफाई कर लिया। भाला फेंक के मुकाबले में खिलाड़ियों को दो ग्रुप में बांटा गया था। भारत के नीरज चोपड़ा ने अपने पहले ही




प्रयास में 86.65 मीटर दूर अपना भाला फेंका और फाइनल के लिए टिकट कटा लिया। इस दूरी को तय कर के नीरज अपने ग्रुप में पहले स्थान पर रहे। वहीं दूसरे ग्रुप में पाकिस्तान के एथलीट अरशद नदीम ने 86.16 मीटर फेंक कर फाइनल के लिए क्वालिफाई कर लिया। अब इन दोनों का मुकाबला भाला फेंक प्रतियोगिता के फाइनल में होगा। इसका फाइनल 7 अगस्त को खेला जाएगा। फैन्स इस मुकाबले को लेकर काफी उत्साहित नजर आ रहे हैं। ग्रुप ए में नीरज चोपड़ा के अलावा जर्मनी के जोहान्स वेट्टर दूसरे नंबर पर रहे।

# मनिका बत्रा को कारण बताओ नोटिस भेजेगा इंडियन टेबल टेनिस फेडरेशन

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इंडियन टेबल टेनिस फेडरेशन (टीटीएफआई) ने टोक्यो ओलंपिक के दौरान राष्ट्रीय कोच सौम्यदीप राय की मदद लेने से इंकार करने के लिए मनिका बत्रा को कारण बताओ नोटिस जारी करने का निणय किया है। मनिका के कोच सन्मय परांजपे को टोक्यो में अभ्यास सत्र में आने की अनुमति दी गई थी लेकिन उन्हें स्टेडियम में आने की अनुमति नहीं मिली थी और इस संबंध में किया गया आग्रह नामंजूर कर दिया गया था। इसके विरोध में मनिका ने सिंगल मैचों के दौरान टीम के कोच राय से मदद लेने से इंकार कर दिया था। उन्होंने तीसरे दौर में पहुंचकर इतिहास रचा था।टीटीएफआई के महासचिव अरुण बनर्जी ने कार्यकारी बोर्ड की बैठक के बाद पीटीआई से कहा, 'टोक्यो के लिए रवाना होने से पहले वह अच्छी तरह से जानती थी कि उसके निजी कोच को खेल के दौरान

### 10 दिन में देना होगा जवाब



स्टेडियम में आने की अनुमति नहीं है। इसलिए उसे उस तरह से व्यवहार नहीं करना चाहिए था जैसा उसने किया। हम कल उसे नोटिस जारी करेंगे और मनिका के पास जवाब देन के लिये 10 दिन का समय होगा। उसके आधार पर ही हम आगे की कार्रवाई पर निणय करेंगे। बैठक में यह भी फैसला किया गया कि यदि खिलाड़ी फिट और उपलब्ध हैं तो उन्हें राष्ट्रीय शिविर में भाग लेना होगा। मनिका ने तीन सप्ताह के ओलंपिक शिविर के दौरान केवल तीन दिन भाग लिया जबकि जी साथियान ने चेनन्ई में अपने निजी कोच के साथ अभ्यास करने को प्राथमिकता दी थी।

# सेमीफाइनल में लड़कर हारी भारतीय महिला हॉकी टीम, ब्रॉन्ज मेडल की उम्मीदें कायम

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय महिला हॉकी टीम को सेमीफाइनल मैच में हार का सामना करना पड़ा है। इसके साथ ही भारतीय टीम का ओलंपिक के फाइनल में पहुंचने का सपना भी चकनाचूर हो गया है। भारत की टीम मैच के पहले हाफ में जबरदस्त फॉर्म में नजर आई और मुकाबले के दूसरे ही मिनट में गुरजीत कौर ने टीम की ओर से गोल दागा। हालांकि, टीम इंडिया अपनी इस बढ़त को ज्यादा देर कायम नहीं रख सकी और अर्जेंटीना ने 18वें मिनट में गोल करके स्कोर बराबर कर दिया। इसके बाद वर्ल्ड नंबर दो टीम ने मैच के 36वें मिनट में दूसरा गोल दागकर मैच में 2-1 की बढ़त हासिल कर ली और टीम इस लीड को आखिर तक बनाए रखने में सफल रही। भारतीय टीम हार के बावजूद




ब्रॉन्ज मेडल जीतने के लिए मैच खेलेगी। भारत की टीम पहले दो क्वार्टर में अर्जेंटीना पर हावी नजर आई और टीम ने लगातार अटैकिंग गेम खेला, लेकिन दूसरे हाफ में अर्जेंटीना भारतीय डिफेंस की बार-बार परीक्षा लेती दिखी और मैच के 36वें मिनट में आखिरकार टीम ने 2-1 की बढ़त हासिल की। भारतीय टीम को कई दफा पेनल्टी कॉर्नर मिला, लेकिन भारतीय खिलाड़ी उसका फायदा उठाने में नाकाम रहीं। भारतीय पुरुष हॉकी टीम को भी अपने सेमीफाइनल मुकाबले में बेल्जियम के हाथों हार झेलनी पड़ी थी। कोच सोर्ड मारजेन की अगुवाई वाली भारतीय महिला टीम का पहली बार गोल्ड मेडल जीतने का सपना जरूर इस हार के साथ अधूरा रह गया है। भारतीय महिला हॉकी टीम के लिए टोक्यो ओलंपिक की शुरुआत अच्छी नहीं रही थी और टीम ने अपने शुरुआती तीन मैचों में हार का सामना किया था, लेकिन इसके बाद रानी रामपाल की कप्तानी में टीम ने जोरदार वापसी करते हुए लगातार तीन जीत दर्ज करते हुए सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की की थी। भारतीय टीम का इससे पहले बेस्ट प्रदर्शन मॉस्को ओलंपिक 1980 में रहा था जब वह छह टीमों में चौथे स्थान पर रही थी। महिला हॉकी टीम ने उस साल ओलंपिक में डेब्यू किया था और मैच राउंड रोबिन आधार पर खेले गए थे।



# रेसलर रवि दहिया ने फाइनल में पहुंच कर मेडल किया पक्का, भारत को दिला सकते हैं गोल्ड

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय रेसलर रवि दहिया ने बुधवार को भारत के लिए ओलंपिक में एक और मेडल पक्का कर लिया है। उन्होंने कुश्ती के 57 किलोग्राम भार वर्ग में सेमीफाइनल में कजाकिस्तान के सनायेव नूरिस्लाम को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। चौथी वरीयता प्राप्त दहिया एक समय 2-9 से पीछे चल रहे थे। इसके बाद उन्होंने शानदार वापसी की। सुशील कुमार के बाद वो कुश्ती में फाइनल में पहुंचने वाले दूसरे भारतीय हैं। सुशील कुमार ने लंदन ओलंपिक 2012 में सिल्वर मेडल जीता था। रवि दहिया ने टोक्यो ओलंपिक में भारत के लिए चौथा मेडल पक्का कर दिया है। रवि कुमार के अलावा मीरबाई चनू ने वेटलिफ्टिंग में, पीवी सिंधु ने बैडमिंटन में और लवलीना बोरगोहेन ने बॉक्सिंग में मेडल जीता है। रेसलिंग की बात करें तो सुशील कुमार ने भारत के लिए ओलंपिक में लगातार दो मेडल जीतने का रिकॉर्ड बनाया था। उन्होंने साल 2008 में ब्रॉन्ड और 2012 में सिल्वर जीता था।

# सपा प्रवक्ता की फॉर्च्यूनर गाड़ी से उचक्के ने उड़ाया बैग

**अखंड भारत संदेश**

**हंडिया।** कस्बा हंडिया में बुधवार की दोपहर में सपा प्रवक्ता निधि यादव का पर्स उनकी फॉर्च्यूनर कार से मौका पाकर एक उचक्का दिनदहाड़े ले उड़ा घटना की जानकारी होने पर हड़कंप मच गया ।घटना की जानकारी तत्काल हंडिया पुलिस को दी गई । सपा प्रवक्ता की गाड़ी से चोरी की सूचना से पुलिस हरकत में आ गयी और मामले की तहकीकात में जुट गई।

वहीं पर स्थानीय दुकानदारों के यहां लगे सीसीटीवी कैमरे को खंगाला गया तो उचक्के की तस्वीर बैग लेकर भागते हुए दिखाई पड़ी। जानकारी के अनुसार मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड जिला अध्यक्ष प्रयागराज सैफी फरीदी का हंडिया में प्रथम आगमन को लेकर सपा कार्यकर्ताओं द्वारा सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया था जहां पर सपा प्रवक्ता निधि यादव भी पहुंची। अपनी कार से उतर कर वह कार्यकर्ताओं से मिलने पहुंच गयी तभी किसी ने ड्राइवर को कार पंचर होने की बात बताई ।ड्राइवर जैसे ही टायर चेक करने उतरा वैसे ही एक उचक्का तेजी के साथ आया और कार में रखा पर्स ले उड़ा। पर्स नदारद देखकर ड्राइवर अवाक रह गया घटना की सूचना पर हड़कंप मच गया तत्काल ही घटना की सूचना हंडिया कोतवाल को दी गई सपा प्रवक्ता निधि यादव के अनुसार पर्स में पैसे के अलावा जरूरी कागजात भी थे घटना की तहरीर भी दी गई जिसके आधार पर पुलिस मामले की तहकीकात में जुट गई है। बता दें कि उक्त घटना बेनी राम मार्केट के सामने भीड़भाड़ वाले स्थान पर हुआ है।

## मारपीट मामले में पुलिस नहीं दर्ज कर रही है प्राथमिकी

### दर्शनी में लिप्टस की सूखी लकड़ी को लेकर दो पक्षों में हुआ था विवाद चले थे लाठी-डंडे

**रत्योरा/प्रयागराज।** कोरांव थाना क्षेत्र के दर्शनी गांव में लिप्टस की सूखी लकड़ी को लेकर दो पक्षों में हुए विवाद मामले में कोरांव पुलिस द्वारा पीडि़त पक्ष की प्राथमिकी दर्ज नहीं की जा रही है। जिससे पीडि़त पक्ष आए दिन थाने का चक्कर लगा रहा है। जबकि मामले में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रयागराज क्षेत्राधिकारी मेजा के द्वारा भी कोरांव पुलिस को कार्यवाही हेतु निर्देशित किया है। बावजूद इसके पुलिस मामले में टालमटोल कर रही है। ज्ञातव्य हो कि अवध नारायण पुत्र सोभनाथ निवासी दर्शनी लिप्टस का पेड़ कटवाए थे। सूखी लकडि़यां उनके दरवाजे पर ही रखी थी कि गांव के ही संतलाल, केसरी लाल, विजय कुमार, अरुण कुमार, आलोक कुमार, पुत्रगण शिव प्रसाद व शिव प्रसाद पुत्र छोटक ने चोरी से लकडि़यां ढो रहे थे इसी बीच जब अवध नारायण ने देखा तो मना किया तो उक्त लोग मारपीट पर आमादा हो गए। लाठी-डंडे व सरिया से जमकर मारा पीटा जिसमें अवध नारायण पक्ष के कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिनका उपचार स्वरूप रानी नेहरू अस्पताल में कराया गया। बावजूद इसके पुलिस मामले में एफ आई आर नहीं दर्ज कर रही है जिससे पीडि़त परिवार में आक्रोश ब्याप्त है। पीडि़त अवध नारायण अपनी नाबालिग बेटी के साथ उपरोक्त लोगों द्वारा अभद्रता करने की भी शिकायत की है किंतु पुलिस मामले को गंभीरता से नहीं ले रही है। जिससे पीडि़त पक्ष न्याय के लिए दर-दर भटक रहा है।

# टोक्यो ओलंपिक में ब्रॉन्ज मेडल जीतने वाली बैडमिंटन स्टार पीवी सिंधु ने बताया, क्या है उनका अगला टारगेट

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ओलंपिक में दो मेडल जीतने वाली पहली भारतीय महिला खिलाड़ी बनीं बैडमिंटन स्टार पीवी सिंधु ने अभी अपनी सफलता का पूरी तरह से जशन भी नहीं मनाया है लेकिन फिर भी उन्होंने अपना टारगेट तय कर लिया है जो इस साल स्पेन में विश्व चैंपियनशिप खिताब का बचाव करना है। सिंधु रविवार को लगातार दो व्यक्तिगत ओलंपिक पदक जीतने वाली दूसरी भारतीय और देश की पहली महिला खिलाड़ी बनी थी। रियो ओलंपिक 2016 में सिल्वर मेडल जीतने वाली सिंधु ने टोक्यो ओलंपिक खेलों में ब्रॉन्ज मेडल जीता।

सिंधु ने बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा, ' निश्चित तौर पर




अब तक इन भावनाओं से पूरी तरह से नहीं बाहर निकल पाई हूं, लेकिन मैं इस लम्हें का लुत्फ उठा रही हूं। यह किसी के लिए भी सपना साकार होने की तरह है। ये ऐसे लम्हें हैं जिन्हें आप हमेशा याद रखते हो। ओलंपिक में लगातार दो मेडल जीतना मेरे लिए बहुत बड़ी बात है। मुझे यकीन है कि यह अन्य लोगों को प्रेरित करेगा और खेल को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा। यह पूछने पर कि अब उनका अगला टारगेट क्या है, सिंधु ने कहा, ' कई इंटरनेशनल टूर्नामेंट होने वाले हैं। जल्द ही मैच का अभ्यास शुरू करूंगी और अच्छा प्रदर्शन करना चाहती हूं और अपना बेस्ट देना चाहती हूं। स्पेन में विश्व चैंपियनशिप भी है और मुझे अच्छा प्रदर्शन करने की उम्मीद है। मैं निश्चित तौर पर 2024 पेरिस ओलंपिक में खेलूंगी लेकिन इसमें काफी समय है। मैं अब इस लम्हें को सहेजकर रखने का प्रयास कर रही हूं।'

महामारी के कारण स्थगित की गई विश्व चैंपियनशिप का आयोजन स्पेन के हुएल्वा में 12 से 19 दिसंबर तक होना है। कोरोना के कारण कई टूर्नामेंट रद्द होने के कारण सिंधु को अपने खेल पर काम करने का मौका मिला और उन्होंने इस दौरान स्मैश और नेट पर अपने कौशल को निखारा।सिंधु ने कहा, ' मैंने पहले ही वादा किया था कि आपको कुछ नया कौशल और स्ट्रोक देखने को मिलेंगे। मुझे खुशी है कि मैं ओलंपिक में इसे दिखा पाई। मैं अपने कोच पार्क (तेइ-सांग) की आभारी हूं, हमने तकनीक पर कड़ी मेहनत की। मुझे यकीन है कि ऐसा था क्योंकि महामारी से काफी लोग प्रभावित हुए और हमें लॉकडाउन का सामना करना पड़ा, लेकिन मैंने इस समय का इस्तेमाल अपने कौशल और तकनीक पर काम करने के लिए किया। फिटनेस बरकरार रखना और ओलंपिक से पहले मानसिक और शारीरिक रूप से मजबूत रहना चुनौतीपूर्ण था, जैविक रूप से सुरक्षित माहौल में रहते हुए हमें अपना ख्याल रखना था।

# अपहरण की गई विवाहिता मायके से हुई बरामद

## फर्जी अपहरण के मुकदमे में निरुद्ध लोगों ने की कार्रवाई की मांग

**अखंड भारत संदेश**

**रत्योरा/प्रयागराज।** कोरांव थाना क्षेत्र के माड़ो गांव से 8 माह पूर्व रहस्यमय तरीके से गायब हुई विवाहिता खुद अपने मायके भवानीपुर से बुधवार को बरामद हो गई। जिसके बाद फर्जी अपहरण के मुकदमे में निरुद्ध लोगों ने कहा है कि मुझ लोगों को फर्जी तरीके से अपहरण के मुकदमे में फंसाया गया था। विवाहिता महिला के परिवारीजनों ने ही उसे मायके भेजा था। जहां से उसे पुलिस ने बरामद कर थाने उठा लाई।

पुलिस ने महिला के पति व बेटे को भी हिरासत में लेकर पूछताछ करने के बाद देर शाम तक छोड़ दिया। जबकि मामले में तेजबली पाल पुत्र स्वर्गीय बाबूलाल पाल के पतनी बेटे व भतीजे था बहू व भाई के ऊपर अपहरण का मामला भी प्रदीप कुमार पुत्र रामगोपाल ने दर्ज करा दिया था। तेजबली पाल ने पुलिस से फर्जी अपहरण का मुकदमा दर्ज कराने वाले लोगों पर कार्रवाई की मांग की है। तेज बली ने आरोप लगाया है कि महिला खुद पति से झगड़ा कर अपने भाई को बुला कर मायके चली गई थी। जो वहीं रह रही थी किंतु हम लोगों के विरुद्ध फर्जी अपहरण का केस दर्ज करा दिया गया है। इस बाबत कोरांव थाने के उपनिरीक्षक सच्चिदानंद यादव से बात करने पर उन्होंने बताया कि उपरोक्त महिला अपने मायके में रह रही थी। उसे वहीं से बरामद किया गया है। पूछताछ के बाद उसे छोड़ दिया गया है। रही बात फर्जी मुकदमे की तो जांच पड़ताल की जा रही है जो भी सच्चाई होगी। उसके अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

# प्रेमिका ने प्रेमी को आशनाई की जाल मे फंसाकर सुसाइड करने के लिए किया मजबूर

**अखंड भारत संदेश**

**सोरांव।** थाना क्षेत्र के डिग्री कलन्दरपुर के रविन्द्र पुत्र स्व.राम सनेही का उसी गांव के अपने बहन रेखा के यहाँ आयी युवती रानी ने उसे प्रेम जाल में फंसा कर तंग करने लगी।जिससे परेशान हो कर वह 15 दिन के लिए दिल्ली चला गया था।फिर भी रानी अक्सर रविन्द्र को फर्जी केस में फंसाने के लिए मजबूर करती रहती थी।जिन्दगी उब कर उसने दिल्ली मे सुसाइड कर लिया इसकी जानकारी परिजनों को मालूम हुआ तो घरवालों का रो रो कर बुरा हाल हो गया।आक्रोशित परिजनों ने कुरगांव



डिग्री पर चक्का जाम किया।सूचना मिलते ही सोरांव थाना प्रभारी व चौकी प्रभारी बडगांव कलन्दरपुर मय फोर्स के साथ घटना स्थल पर पहुँच गये। और मामले को शांत कराया व जांच करने के बाद उचित कार्यवाही करने का आश्वासन दिया।तब जाकर चक्का जाम को हटाया गया। जिससे आवागमन को चालू किया गया।

# मोहर्रम पर नहीं निकलेगा जुलूस-सीओ हण्डिया



**अखंड भारत संदेश**

**उतरांव।** उतराव थाने में बुधवार को सीओ हण्डिया संतोष कुमार सिंह की मौजूदगी में पीस कमेटी मीटिंग का आयोजन किया गया। पीस कमेटी मीटिंग आगामी त्यौहार मोहर्रम को लेकर रखा गया।जिसमें क्षेत्र के ग्राम प्रधान क्षेत्र पंचायत सदस्य जिला पंचायत सदस्य व अन्य सम्मानित गण मौजूद रहे। वही सीओ हण्डिया संतोष कुमार सिंह ने कहा कि आगामी त्यौहार मोहर्रम पर जुलूस नहीं निकाला जाएगा। सभी अपने अपने घरों में रहकर मोहर्रम का त्यौहार मनाये। थाना अध्यक्ष प्रवीण कुमार सिंह ने कहा कि कोविड-19 का प्रकोप अभी खत्म नहीं हुआ है। लोगों को इससे बचने की जरूरत है।

सरकार की गाइड लाइन के अनुसार मोहर्रम पर्व पर ताजिया जुलूस नहीं निकाला जाएगा। उक्त अवसर पर उप निरीक्षक विनोद दिनकर,चंद्रपाल सिंह,अमरनाथ सिंह,राजेश एस आई क्षेत्र के ग्राम प्रधान सुल्तान सिद्दीकी ,दिलशाद कुरेशी,जितेन्द्र यादव प्रधान,अबसार भाई,हैदर कोटेदार,सच्चाई प्रधान,मोहम्मद इरशाद उर्फ इरसदुल सब्बू भाई,बब्बू प्रधान,योगेश,श्याम गुप्ता,उदय राज यादव,इस्तेखार प्रधान आदि मौजूद रहे।

## सरायममरेज पुलिस टीम द्वारा छेड़खानी व पाक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**प्रतापपुर।** सरायममरेज इंस्पेक्टर भरत कुमार के नेतृत्व में उच्च अधिकारियों के निर्देश पर अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान रोकथाम अपराध नियंत्रण के दृष्टिगत पुलिस चौकी प्रभारी जंघई अजीत उपाध्याय मय हमराह पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर पास्को एक्ट के तहत वांछित चल रहे अभियुक्त गुलाबचंद्र पुत्र मानिक चंद्र निवासी किल्हापुर तरहटी निवासी को वारी तिराहे पर गिरफ्तार करके न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

# फ्री राशन : यूपी में आज से 80 लाख लोगों को मिलेगा मुफ्त गेहूं और चावल

## नया रिकॉर्ड बनाएगी योगी सरकार

**लखनऊ (एजेंसी)।** योगी सरकार एक और नया रिकॉर्ड बनाने जा रही है। कोरोना संकट से जूझ रहे गरीबों और जरूरतमंदों के लिए यूपी सरकार गुरुवार को फ्री राशन बांटेगी। इससे पहले भी केन्द्र और यूपी सरकार ने मिलकर यूपी के जरूरतमंदों को राशन बांट चुकी है। गुरुवार को प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अनन्योजना के तहत यूपी के 80 लाख लोगों को फ्री राशन मिलेगा। इसको लेकर व्यापक स्तर पर तैयारी भी की चुकी है। आपको बता दें कि पीएम मोदी ने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अनन योजना के तहत पिछले साल मार्च में फ्री राशन देने की घोषणा की थी। इसके तहत 11 महीने केंद्र सरकार और पांच महीने प्रदेश सरकार ने लोगों को 10 करोड़ कुंतल से अधिक फ्री राशन दिया है। इससे प्रदेश के करीब 15 करोड़ लोगों को हर माह फ्री राशन मिला है। पीएम नरेंद्र मोदी गुरुवार को प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अनन योजना के लाभाथिर्यों से सीधा संवाद भी करेंगे। इसी दौरान सीएम योगी गरीबों को अयोध्या में अनन्त भी बांटेंगे।



यूपी में सरकार की ओर से प्रति यूनिट पांच किलो गेहूं, चावल और चना निशुल्क दिया जा रहा है। यह व्यवस्था नवंबर तक जारी रहेगी। इतना ही नहीं, 'वन नेशन, वन राशन कार्ड' योजना के तहत 43,572 कार्डधारकों ने दूसरे राज्यों और दूसरे राज्यों के 6616 कार्डधारकों ने प्रदेश में राशन लिया है। साथ ही प्रदेश में 8137 से अधिक असहाय लोगों को उनके घर पर ही राशन पहुंचाया गया है। यूपी में गुरुवार को सरकारी राशन की हर दुकान पर कोविड प्रोटोकॉल का पालन करते हुए कम से कम 100 लाभाथिर्यों को फ्री राशन दिया जाएगा। इनमें कुछ ऐसे लाभार्थी भी होंगे, जिन्हें पहली बार प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अनन योजना के तहत राशन दिया जाएगा। सूचना एवं जनसंपर्क विभाग की ओर से जिलों में थैले भेजे गए हैं, जिसमें राशन दिया जाएगा। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अनन योजना के तहत सभी अन्त्योदय और पात्र गृहस्थी कार्डधारकों प्रति यूनिट पांच किलो निशुल्क राशन और प्रति कार्ड एक किलो निशुल्क चना का वितरण पिछले साल माह अप्रैल से नवम्बर तक कराया गया था। इस दौरान कुल 56.21 लाख मीट्रिक टन राशन और 2,69,529 मीट्रिक टन चना निशुल्क दिया गया है। इस साल मई से नवम्बर तक निशुल्क राशन दिया जा रहा है। अब तक 21.14 लाख मीट्रिक टन राशन दिया गया है।

# 15 अगस्त के बाद यूपी का तूफानी दौरा करेंगे लोजपा अध्यक्ष चिराग पासवान

**लखनऊ (एजेंसी)।** लोक जनशक्ति पार्टी (लोजपा) के अध्यक्ष चिराग पासवान उत्तर प्रदेश के आगामी विधानसभा चुनाव के लिए संगठन को मजबूती प्रदान करने के मकसद से 15 अगस्त के बाद राज्य का तूफानी दौरा करेंगे। लोजपा के एक शीर्ष नेता ने इसकी जानकारी दी। लोजपा के प्रदेश अध्यक्ष मणि शंकर पांडे ने बताया कि चिराग आगामी विधानसभा चुनाव के लिए 15 अगस्त के बाद राज्य के विभिनन जिलों में पार्टी संगठन को मजबूती देने के मकसद से 'आशीर्वाद यात्रा' निकालेंगे। उन्होंने बताया कि इसके जरिए वह राज्य में लोजपा के चुनावी अभियान की शुरुआत भी करेंगे। उन्होंने बताया कि उनकी इस आशीर्वाद यात्रा के बलिया, गाजियाबाद, शाहजहांपुर, मुरादाबाद, मेरठ, सहारनपुर, बरेली, लखनऊ, गोरखपुर, आजमगढ़, भदोही और मिर्जापुर जिलों से गुजरने की संभावना है।



## 'बबलू' की एंट्री पर सांसद रीता बहुगुणा जोशी ने जताया ऐतराज, बोलीं, मैं स्तब्ध हूं

**लखनऊ (एजेंसी)।** 2009 में रीता बहुगुणा जोशी का घर जलाने के आरोपी बसपा के पूर्व विधायक को भाजपा में शामिल करने को लेकर भाजपा सांसद रीता बहुगुणा जोशी ने कड़ा ऐतराज जताया है। उन्होंने नाराजगी जताते हुए कहा कि बसपा के पूर्व विधायक जितेंद्र सिंह बबलू बीजेपी में शामिल हो गए हैं। मैं स्तब्ध हूं क्योंकि वह वही




व्यक्ति हैं जिन्होंने जुलाई 2009 में मेरे घर में आग लगा दी थी, जब मैं मुरादाबाद में जेल गई थी। घर में आग लगने की जांच में जितेंद्र को आरोपी बनाया गया था। उन्होंने आगे कहा कि मुझे यकीन है कि उन्होंने पार्टी से यह जानकारी छिपाई है। प्रदेश अध्यक्ष को इसकी जानकारी नहीं होगी। मैं राज्य और राष्ट्रीय अध्यक्षों से उनकी सदस्यता समाप्त करने का आग्रह करती हूं क्योंकि उनके खिलाफ गंभीर आरोप लगाए गए हैं...और उन्होंने मेरे घर को भी आग लगा दी। आपको बता दें कि बसपा के पूर्व विधायक जितेंद्र कुमार सिंह बब्लू बुधवार को भाजपा में शामिल हुए। बबलू के भाजपा में शामिल होते ही राजनीतिक गलियारों में हलचल मचनी शुरू हो गई। बुधवार को भाजपा मुख्यालय पर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह ने जितेंद्र कुमार सिंह के साथ ही कांग्रेस व बसपा के कुछ अन्य नेताओं को भाजपा की पट्टिका पहनाई। इस कार्यक्रम में भाजपा में शामिल होने वालों में कांग्रेस के पूर्व प्रदेश महासचिव पूर्व लोकसभा प्रत्याशी पंकज मोहन सोनकर(आजमगढ़), बसपा के पूर्व कोआर्डिनेटर मनोज शर्मा (गाजियाबाद) तथा बसपा से पूर्व लोकसभा प्रत्याशी प्रवेश सिंह (रायबरेली), सेवानिवृत्त एयर कोमोडोर श्याम शंकर तिवारी तथा समाज सेविका डा. बीना लवानिया शामिल हैं। मंच का संचालन भाजपा के प्रदेश महामंत्री एमएलसी गोविंद नारायण शुक्ला ने किया।

## पश्चिमी यूपी में महसूस हुए भूकंप के झटके, घरों से बाहर निकले लोग

**देवबंद (एजेंसी)।** पश्चिमी यूपी कई इलाकों में बुधवार की शाम भूकंप के झटके महसूस किए गए। कंप के झटके महसूस होते ही लोग घरों से बाहर निकल गए। हालांकि किसी जान माल की नुकसान की कोई सूचना नहीं है।

बुधवार शाम 5:10 बजे पर चंद सैकड़ के लिए पश्चिमी यूपी कई इलाकों में भूकंप के झटके महसूस किए गए। घरों की खिड़कियां और दरवाजे हिलने से लोगों को भूकंप का अहसास होते ही वह घरों से बाहर निकल पड़े। हालांकि काफी देर तक लोग भूकंप की चर्चा करते रहे। गनीमत यह रहा कि भूकंप से किसी तरह का कोई नुकसान होने की सूचना नहीं है। इतना ही नहीं एकाएक आए भूकंप के झटके महसूस होने के दौरान पहले तो लोग नहीं समझ सके, लेकिन खिड़कियां और दरवाजे हिलते देख लोग घरों से बाहर निकल आए।

# आगरा में कोरोना वायरस के डेल्टा वेरिएंट की दस्तक से अलीगढ़ में अलर्ट

**अलीगढ़ (एजेंसी)।** दूसरी लहर में कोहराम मचा चुके डेल्टा वायरस की आगरा में 11 लोगों में पुष्टि हुई। जिनोम सिक्वेंसिंग के बाद आई इस रिपोर्ट के बाद अलीगढ़ स्वास्थ्य विभाग सतर्क हो गया है।

सीएमओ के मुताबिक बॉर्डर, बस स्टैंड और रेलवे स्टेशन पर 24 घंटे कोविड सैंपलिंग कराई जाएगी।डेल्टा वेरिएंट अब तक कोविड की दूसरी लहर में कोहराम मचा चुका है। पहली लहर से अधिक खतरनाक रही दूसरी लहर में सबसे अधिक लोगों की मौत हुई। संक्रमण का प्रसार इतनी तेजी बढ़ा कि प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग को संभलने तक का मौका नहीं मिला। आगरा में 15 संक्रमित लोगों की रिपोर्ट की जिनोम सिक्वेंसिंग भेजी गई थी। जिसमें से एक में कप्पा तो 11 लोगों में डेल्टा वेरिएंट की पुष्टि हुई है। इस रिपोर्ट के बाद आस पास के जिलों से अलर्ट जारी कर दिया गया है।

अलीगढ़ मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आनंद उपाध्याय ने



बताया कि अलीगढ़ जिले में संक्रमण के रोकथाम के लिए प्रतिदिन पांच से सात हजार लोगों की कोविड सैंपलिंग कराई जा रही है। एक दिन पहले ही सैंपलिंग का रिकॉर्ड बनाया गया है। सैंपलिंग को बढ़ाते हुए बॉर्डर क्षेत्र में 24 घंटे कोविड सैंपलिंग कराई जाएगी, जिससे की कोई संक्रमित व्यक्ति बिना जानकारी जिले में न आ सके।

कोविड की दूसरी लहर से पहले से आने वालों की सघन चेकिंग की गई, लेकिन कुछ कमियों के कारण कुछ लोग बिना चेक कराए ही जिले में आ गए और गंभीर बीमार पड़ गए। जबकि उनकी कोविड सैंपलिंग हुई तो उनके संक्रमण की पुष्टि हुई। पड़ोसी राज्य में दिल्ली में संक्रमण की दर बढ़ तो दिल्ली के मरीजों का इलाज भी अलीगढ़ में होने लगा। जिसके बाद से तत्कालीन डीएम को दिल्ली के मरीजों को सरकारी अस्पताल में भर्ती न करने के आदेश जारी किए गए। आगरा की जिनोम सिक्वेंसिंग के बबाद अलीगढ़ में अलर्ट मोड पर काम किया जा रहा है। बॉर्डर, स्टेशन और बस अड्डों पर 24 घंटे कोविड सैंपलिंग कराई जाएगी। एलटी की कमी को भी पूरा किया जाएगा। - डॉ. आनंद उपध्याय, सीएमओ अलीगढ़।

## हाथरस रेप मर्डर केस : सीओ की गवाही पूरी, जेल से पेशी पर आए चारों आरोपी

**हाथरस (एजेंसी)।** हाथरस कांड की बुधवार को विशेष न्यायाधीश एससीएसटी एक्ट कोर्ट में सुनवाई हुई। चारों आरोपियों को कड़ी सुरक्षा में कोर्ट में पेश किया गया। सीओ सादाबाद की गवाही पूरी हुई। अगली सुनवाई अब दस अगस्त को होगी। पेशी के वक्त सीबीआई के अधिकारी अपने अधिवक्ता के साथ मौजूद रहे। हाथरस के बूलगढ़ी में 14 सितम्बर 2020 को एक युवती के साथ वारदात हुई। घटना के बाद युवती के भाई की तहरीर पर पुलिस ने जानलेवा हमला और एससीएसटी एक्ट में मुकदमा दर्ज कर लिया। बाद में युवती के बयानों के आधार पर पुलिस ने गैंगरेप की धाराओं की बढ़ोतरी की। 29 सितंबर को दिल्ली में उपचार के वक्त युवती की मौत हो गई। पुलिस प्रशासन ने तीस सितंबर की रात में ही युवती के शव का अंतिम संस्कार कर दिया। इसके बाद खूब बवाल हुआ। सरकार ने इसकी जांच सीबीआई के हवाले कर दी।करीब दो महीने से अधिक समय तक सीबीआई ने अपनी जांच के बाद आरोपी रवि, लवकुश, रामू और संदीप के खिलाफ हाथरस की एससीएसटी एक्ट कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल कर दिया।



# 2020 से बेहतर हुई यूपी के खजाने की स्थिति, जुलाई में 12655 करोड़ आए : सुरेश खन्ना

**लखनऊ (एजेंसी)।** प्रदेश में कोरोना संक्रमण पर प्रभावी नियंत्रण का सकारात्मक असर राज्य की आर्थिक गतिविधियों में नजर आने लगा है। चालू वित्तीय वर्ष के बीते चार महीनों में राजस्व में उत्तरोत्तर वृद्धि हुई है।

जुलाई माह में कर व करेत्तर राजस्व के रूप में राजकीय खजाने में 12655.85 करोड़ रुपये आया। यह धनराशि इस महीने के लिए तय लक्ष्य का 74.1 फीसदी रहने के बावजूद जुलाई 2020 के मुकाबले 1980.43 करोड़ रुपये अधिक है। यह जानकारी प्रदेश के वित्त एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री सुरेश कुमार खनन ने दी है। उन्होंने बताया है कि बीते वित्तीय वर्ष



2020-21 में अप्रैल से जुलाई माह तक माहवार जो राजस्व प्राप्त हुआ था उसके मुकाबले चालू वित्तीय वर्ष 2021-22 में लगातार हर महीने अधिक राजस्व खजाने में पहुंच रहा है। पिछले वर्ष के मुकाबले इस वित्तीय वर्ष के अप्रैल माह में 98.44 करोड़, मई में 2405 करोड़, जून में 2129.28 करोड़ तथा जुलाई माह में 1980.43 करोड़ रुपये अधिक राजस्व सरकार को मिला है। जुलाई में सरकार ने कर राजस्व का लक्ष्य 17076.93 करोड़ रखा था जिसके सापेक्ष 12655.85 करोड़ रुपये की वसूली हुई। जुलाई 2021 में सबसे अधिक तय लक्ष्य का 98.4 फीसदी राजस्व वैट से मिला। वहीं जीएसटी से लक्ष्य का 66.8 फीसदी, आबकारी से 71 फीसदी, स्टांप तथा निबंधन से 76.1 फीसदी तथा परिवहन से तय लक्ष्य का 81.8 फीसदी राजस्व सरकार को मिला। करेत्तर राजस्व के मुख्य मद भूतत्व एवं खनिकर्म से जुलाई माह में तय लक्ष्य का महज 53.5 फीसदी ही हासिल किया जा सका। पिछले वर्ष जुलाई के मुकाबले भूतत्व एवं खनिकर्म से मिलने वाला राजस्व 45.87 फीसदी कम रहा।

# दलित बच्ची के परिजनों की तस्वीर शेयर कर घिरे राहुल गांधी, ट्विटर को जारी हुआ नोटिस

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली के नांगल गांव में रेप और हत्या की शिकार 9 साल की मासूम बच्ची के परिजनों की ट्विटर पर तस्वीर शेयर करने पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी की मुश्किलें लगातार बढ़ती जा रही हैं।

एक तरफ बीजेपी ने राहुल गांधी पर वार करते हुए कहा है कि उन्होंने नाबालिग बच्ची के परिजनों की तस्वीर शेयर करके कानून का उल्लंघन किया है। इससे पीडि़ता की पहचान उजागर हुई है, जो पॉक्सो कानून के मुताबिक गलत है। वहीं अब राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने इस मसले पर ट्विटर को नोटिस जारी किया है। आयोग ने ट्विटर को नोटिस जारी कर उस तस्वीर को डिलीट करने को कहा है, जो राहुल गांधी ने



शेयर की है।

आयोग की ओर से इस संबंध में ट्वीट किया गया है। आयोग ने लिखा, 'बच्ची के परिजनों की तस्वीर को ट्वीट करके उसकी पहचान को उजागर करना पॉक्सो कानून का उल्लंघन है। राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग इसका संज्ञान लेते हुए ट्विटर इंडिया को नोटिस जारी करता है कि वह इस पोस्ट को हटाए।' राहुल गांधी बुधवार को सुबह बच्ची के परिजनों से मिलने पहुंचे थे। उन्होंने बच्ची के माता और पिता से अपनी कार में ही मुलाकात की थी और उसकी तस्वीर ट्विटर पर शेयर की थी।

**कोलकाता हाईकोर्ट से ममता सरकार को झटका,** सुवेंदु अधिकारी के करीबी को तुरंत रिहा करने का आदेश: राज्य सरकार से मांगा जवाब

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कोलकाता हाईकोर्ट से ममता बनर्जी सरकार को जोरदार झटका लगा है। अदालत ने बुधवार को भारतीय जनता पार्टी के नेता सुवेंदु अधिकारी के करीबी राखल बेरा को तुरंत रिहा करने के आदेश दिये हैं। राखल बेरा को सोमवार को अदालत की एकल पीठ ने जमानत दे दी थी। लेकिन मंगलवार को उन्हें एक दूसरे मामले में गिरफ्तार बताया गया था। हालांकि, एकल पीठ ने कहा था कि राखल बेरा को बिना कोर्ट की अनुमति के पश्चिम बंगाल के किसी भी कोने से किसी भी मामले में गिरफ्तार नहीं किया जा सकता है।

# डेल्टा से दहशत में आया ड्रैगन, अब किशोरों को भी चीन में लगेगा कोरोना टीका

**बीजिंग (एजेंसी)।** कोरोना वायरस की नई लहर के कहर से जूझ रहे चीन ने अब नाबालिगों को भी वैक्सीन लगाने का फैसला लिया है। कोरोना के डेल्टा वैरिएंट के नए केस चीन में तेजी से देखने को मिल रहे हैं, जिससे निपटने के लिए चीन सरकार ने यह फैसला लिया है। बीते दो सप्ताह में चीन के करीब 18 प्रांतों से 450 नए केस मिले हैं। एक समय था, जब चीन में कोरोना के केस लगभग समाप्त हो गए थे, लेकिन एक बार फिर से उभार ने चिंताएं बढ़ा दी हैं। इसके चलते चीन ने कई शहरों में सख्त पाबंदियां एक बार फिर से लागू कर दी हैं और कई करोड़ लोग लॉकडाउन में चले गए हैं।

बुधवार को चीन में एक दिन में 71 नए केस मिलने का आंकड़ा दर्ज किया गया। इस साल जनवरी के बाद से चीन में यह सबसे अधिक संख्या है। पूर्वी चीन के शहर नानजिंग से शुरू हुई कोरोना की नई लहर ने जुलाई के तीसरे वीक से दस्तक देनी



शुरू की थी। इसके बाद से अब बीजिंग से लेकर वुहान तक में कोरोना के केस फिर मिलने लगे हैं। वुहान वही शहर है, जिसे दुनिया में कोरोना संक्रमण का गढ़ माना जाता है। एक थ्योरी यह भी दी जाती है कि वुहान की लैब से ही कोरोना का संक्रमण दुनिया भर में फैला है। कहा जाता है कि 2019 के आखिरी महीनों में यहीं से कोरोना की शुरुआत हुई थी।

इस बीच चीन ने संकट से निपटने के लिए नानजिंग, झेंगझोउ और वुहान के हर नागरिक का कोरोना टेस्ट कराने का फैसला लिया है। यह कोरोना टेस्टिंग का चौथा राउंड चल रहा है। इस बीच अथॉरिटीज ने नाबालिगों को भी कोरोना टीका लगाने का फैसला लिया है। सरकार का कहना है कि इससे संक्रमण को रोकने में मदद मिलेगी। मंगलवार को चीन के शिक्षा मंत्रालय की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि 12 से 17 साल की उम्र के लोगों का टीकाकरण अभियान अब पूरे देश में चलाया जाना चाहिए। चीनी मीडिया के मुताबिक 12 से 18 साल तक के सभी छात्रों को टीका लगाने का फैसला लिया गया है।



## पाकिस्तान का झूठ फिर सामने आया, अफगान सेना की कारवाई में मारा गया पाक आतंकी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पाकिस्तान का झूठ एक बार फिर सामने आया है। पाकिस्तान लगातार तालिबान से अपने संबंधों को लेकर नकारता रहा है लेकिन अफगान सरकार तालिबान की मदद के लिए पाकिस्तान को खरी-खोटी सुनाती रही है। ताजा मामले में आतंकी संगठन अल-कायदा से जुड़े एक पाकिस्तानी नागरिक अहमदी और दो तालिबानी कमांडरों सहित कम से कम 54 तालिबान आतंकी मारे गए हैं। ये सभी 3 अगस्त को अफगान वायु सेना की कारवाई में मारे गए हैं। इस हमले में कई आतंकी घायल भी हुए हैं।

अफगानिस्तान रक्षा मंत्रालय ने जानकारी दी है कि हेलमंद प्रदेश के बाहरी इलाके में हमले के दौरान अल-कायदा आतंकी नेटवर्क से जुड़े एक पाकिस्तानी नागरिक अहमदी सहित 54 तालिबान आतंकी, 2 तालिबान कमांडर मारे गए हैं। इस हवाई हमले में 16 अन्य घायल हो गए। अफगान सेना ने हवाई हमले तेज कर दिए हैं क्योंकि अफगानिस्तान में हिंसा में बढ़ोतरी देखी जा रही। यह बढ़ोतरी इसलिए देखी जा रही है क्योंकि तालिबान ने अफगान सुरक्षा बलों के साथ ही आम लोगों पर हमले तेज कर दिए हैं। तालिबान ने पूर्वोत्तर प्रांत तखर सहित कई जिलों पर कब्जा कर लिया है। तालिबान ने 100 से अधिक डिस्ट्रिक सेंटर्स पर कब्ज़ा कर लिया हैं। रिपोर्ट्स बताती हैं कि 34 प्रांतीय राजधानियों में से 17 को तालिबान से सीधे तौर पर खतरा है।

# भारत से दोस्ती के संकेत दे रहा तालिबान? कहा, भारत को पाकिस्तान के चश्मे से नहीं देखते

**दी ट्रिब्यून/नई दिल्ली (एजेंसी)।** तालिबान ने कहा है कि अफगानिस्तान में भारत सहित किसी भी देश के इकोनॉमिक प्रोजेक्ट्स को किसी भी तरह का खतरा नहीं



है। इसके लिए तालिबान ने एक शर्त रखी है. शर्त ये कि ये देश बस अशरफ गनी सरकार द्वारा किए जा रहे गोलीबारी का समर्थन करना बंद कर दें। फिर अफगानिस्तान में उनके प्रोजेक्ट्स को किसी भी तरह का खतरा नहीं है। तालिबान के इस बात पर भारतीय विदेश मंत्रालय अब तक कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।

यह पहली बार है जब तालिबान ने कथित तौर पर भारत से समझौते की बात की है। तालिबान प्रतिनिधिमंडल अब तक ईरान, रूस और चीन जैसे देशों से बातचीत कर रहा है और कुछ हद तक इसी तरह के प्रस्ताव सौंप रहा है। दी ट्रिब्यून ने सूत्रों के हवाले से बताया है कि यह बयान तालिबान के प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों की तुलना में काफी कम-रैंकिंग वाले सदस्य का है, जिन्होंने बीजिंग, मॉस्को और तेहरान का दौरा किया है।

बता दें कि जबीउल्लाह मुजाहिद को तालिबान के मेसेज को अंतरराष्ट्रीय मीडिया तक पहुंचाने वाले की तरह देखा जाता है।

तालिबान के प्रवक्ता जबीउल्लाह मुजाहिद ने कहा है कि हम किसी भी देश द्वारा आर्थिक परियोजनाओं को लेकर धमकी नहीं दे रहे और न ही विरोध कर रहे। हम अफगानिस्तान में निवेश करने वाले देशों के पक्ष में हैं। हमने कुछ दिन पहले चीन की यात्रा की थी। चीन से हमारी मुख्य मांगों में से एक यह थी कि वे अफगानिस्तान के साथ व्यापार और निवेश में सहयोग करे।